कार्यालय महानिदेशक पुलिस राजस्थान, जयपुर द्वारा आयोजित

AKSHANSH
PUBLICATION

# राजस्थान पुलिस
# कॉन्स्टेबल
## भर्ती परीक्षा

तार्किक विवेचना एवं मानसिक योग्यता | सामान्य कम्प्यूटर
महिला एवं बाल अपराध से सम्बंधित योजनाएँ | भारत का सामान्य ज्ञान
सामान्य गणित | सामान्य विज्ञान | राजस्थान का सामान्य ज्ञान

150/150

10 OMR SHEETS सहित

## 10 मॉडल प्रश्न-पत्र

व्याख्यात्मक हल
लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर
के यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध

**विशेषताएँ:**

1.परीक्षा की दृष्टि से अतिमहत्वपूर्ण प्रश्नों का व्याख्या सहित हल
2.नवीनतम पाठ्यक्रम पर आधारित प्रश्नों का समावेशन
3.विगत वर्ष के प्रश्नपत्रो के विश्लेषण पर आधारित प्रश्न



MRP : ₹360

अक्षांश पब्लिकेशन
M. 9079798005, 6376491126
Plot No 1104, Shiksha Mandir, Sec 4, Circle,
Main Road, Udaipur

AKSHANSH PUBLICATION

कार्यालय महानिदेशक पुलिस राजस्थान, जयपुर द्वारा आयोजित

# राजस्थान पुलिस

# कॉन्स्टेबल

## भर्ती परीक्षा

## 10 मॉडल प्रश्न-पत्र

व्याख्यात्मक हल लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर के YouTube चैनल एवं एप्लिकेशन पर उपलब्ध।

YOUTUBE

एप्लिकेशन

"अक्षांश प्रकाशन की समस्त पुस्तकें लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर के अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अक्षांश प्रकाशन की समर्पित टीम के सहयोग से तैयार की गई हैं।"

संपादक

**अनिल चौधरी सर, राहुल सर, राम सर, करण सर, नीरज सर**

सह संपादक

**राजवर्धन बेगड़, अनोपचंद मंडा**

प्रकाशन

**अक्षांश प्रकाशन, उदयपुर (राज.)**

**नोट :-** अब लक्ष्य क्लासेज़ की सभी आगामी पुस्तकें केवल 'अक्षांश प्रकाशन' के माध्यम से ही प्रकाशित की जाएंगी। ये सभी पुस्तकें बाजार में 'अक्षांश' नाम से ही उपलब्ध होंगी। विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि आगामी समय में 'लक्ष्य' नाम से कोई भी पुस्तक प्रकाशित नहीं की जाएगी। इसलिए कृपया पुस्तक खरीदते समय केवल 'अक्षांश प्रकाशन' के नाम से प्रकाशित और अधिकृत पुस्तकें ही बुक स्टोर्स से प्राप्त करें, ताकि आपको प्रमाणिक, अद्यतन एवं परीक्षा-उपयुक्त सामग्री प्राप्त हो।भविष्य में 'लक्ष्य' नाम से प्रकाशित किसी भी पुस्तक की सामग्री या गुणवत्ता की जिम्मेदारी 'अक्षांश प्रकाशन' या 'लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर' की नहीं होगी।

प्रकाशन

**अक्षांश प्रकाशन**

Plot No 1104, Shiksha Mandir, Sec 4, Circle,
Main Road, Udaipur

**लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर से जुड़ने के लिए QR CODE स्कैन करे**

TELEGRAM INSTAGRAM YOUTUBE FACEBOOK WHATSAPP

बुक कोड - AP0001

©सर्वाधिकार - अक्षांश प्रकाशन
akshanshpublicationjdr@gmail.com

मुख्य वितरक - लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर
**M. 9079798005, 6376491126**

अक्षांश प्रकाशन ने इस पुस्तक के तथ्यों तथा विवरणों को उचित स्त्रोतों से प्राप्त किया है। इस पुस्तक में प्रकाशित सभी प्रकार की सामग्री पूर्णतः तथ्यात्मक विश्लेषण पर आधारित है। इस पुस्तक के किसी भी भाग और सामग्री को अक्षांश प्रकाशन की अनुमति और जानकारी के बिना अन्यत्र प्रकाशित या प्रिन्ट करना अनुचित है, यदि ऐसा पाया जाता है तो व्यक्ति या संस्थान स्वयं जिम्मेदार है।

# अनुक्रमणिका



| क्रम संख्या | अध्याय | पेज संख्या |
|---|---|---|
| 1. | मॉडल पेपर - 01 | 1 - 24 |
| 2. | मॉडल पेपर - 02 | 25 - 47 |
| 3. | मॉडल पेपर - 03 | 48 - 69 |
| 4. | मॉडल पेपर - 04 | 70 - 92 |
| 5. | मॉडल पेपर - 05 | 93 - 115 |
| 6. | मॉडल पेपर - 06 | 116 - 137 |
| 7. | मॉडल पेपर - 07 | 138 - 160 |
| 8. | मॉडल पेपर - 08 | 161 - 181 |
| 9. | मॉडल पेपर - 09 | 182 - 204 |
| 10. | मॉडल पेपर - 10 | 205 - 225 |


**1. एक कक्षा में लड़के एक पंक्ति में खड़े है, एक लड़का दोनों किनारों से 21वीं स्थिति पर है, तो बताओं कक्षा में कुल कितने लड़के हैं ?**

(a) 42 (b) 43
(c) 41 (d) 40
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**2. A का स्थान ऊपर से 13वां व B का स्थान नीचे से 18वाँ है जब वे आपस में अपना स्थान बदलते है तो A का स्थान ऊपर से 21वां हो जाता है, तो नीचे से B की नई स्थिति क्या होगी?**


(a) 38 (b) 26
(c) 20 (d) 21
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**3. दी गई आकृति में कौन सा अंक ऐसे भूरे जानवर जिनकी पूँछ नहीं है, को दर्शाता है?**




(a) 4 (b) 13
(c) 5 (d) 7
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**4. दी गई आकृति में ऐसे कितने शिक्षित व्यक्ति हैं जो कार्यरत हैं।**




(a) 16 (b) 18
(c) 22 (d) 38
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**5. आदित्य उत्तर दिशा में 50 मीटर चलने के बाद दायें मुड़ता है और 80 मीटर चलता इसके बाद पुन: 30 मीटर दायें मुड़कर चलता है। वहाँ से इसके बाद वापस दाएं मुड़कर 80 मीटर चलता है तथा वहाँ से 10 मीटर बायें चलकर रुक जाता है। प्रारम्भ स्थान से दूरी एवं दिशा बताइये?**

(a) 10 मीटर, उत्तर दिशा
(b) 20 मीटर, दक्षिण दिशा
(c) 30 मीटर, दक्षिण दिशा
(d) 10 मीटर पूर्व दिशा
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**6. सुमन सुबह सूर्य की ओर चलना प्रारम्भ करती है। कुछ समय बाद वह बाएँ मुड़ती है। कुछ देर बाद पुन: अपने बाएँ मुड़ती है। अब सुमन किस दिशा में जा रही है?**

(a) पूर्व (b) उत्तर
(c) पश्चिम (d) दक्षिण
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**7. वर्ष 1971 का कैलेण्डर दोबारा कब प्रयोग में आयेगा?**

(a) 1977 (b) 1981
(c) 1976 (d) 1982
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**8. यदि आने वाले कल से 2 दिन बाद 25 को मंगलवार है तो महीने का 7वां दिन क्या होगा?**

(a) बुधवार (b) शुक्रवार
(c) रविवार (d) मंगलवार
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**9. एक फोटो की ओर देखते हुए एकता, सरोज से कहती है। कि वह आदमी मेरे पति के पिता की पत्नी का इकलौता पुत्र है आदमी का एकता से संबंध बताइए?**

(a) ब्रदर-इन-लॉ
(b) दामाद
(c) पति
(d) पुत्र
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**10. यदि A, B की माँ है। C,A का पुत्र है। D,E का भाई है। E,B की पुत्री है तो D की दादी कौन है?**

(a) C (b) B
(c) B (d) A
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**11. यदि अंग्रेजी वर्णमाला के प्रथम अर्द्धांश को उलट दिया जाए तथा द्वितीय अर्द्धांश यथावत रहे तो बायें से 15वें अक्षर के बायें 5वां अक्षर क्या होगा?**

(a) O (b) J
(c) E (d) D
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**12. यदि FISH को एक निश्चित कोड भाषा में EHRG लिखा जाता है तो JUNGLE को उसी कोड भाषा में कैसे लिखा जायेगा?**

(a) ITMFDK (b) ITFMKD
(c) ITMFKD (d) ITFKDF
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**13. यदि किताब को घड़ी, घडी को बैग, बैग को शब्दकोश तथा शब्दकोश को खिड़की कहते हैं तो किताब ले जाने के लिए किसका उपयोग करेंगे?**

(a) घड़ी (b) किताब
(c) खिड़की (d) शब्दकोश
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**14. यदि WORK को 4–12–9–16 से सांकेतिक किया जाये, तब WOMAN को कैसे सांकेतिक करेंगे?**
(a) 4 – 12 – 10 – 14 – 26
(b) 4 – 12 – 14 – 26 – 15
(c) 4 – 12 – 14 – 26 – 13
(d) 4 – 12 – 14 – 26 – 14
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**15. निम्न विकल्पों में संबंधित शब्द को चुनिए।**
**मधुमक्खी : गुंजन :: उल्लू : ?**
(a) फुफकारना (b) बोलना
(c) हँसना (d) धुधुआना
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**16. दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जिसमें दी हुई संख्याओं का समूह प्रश्न में दी हुई संख्याओं के समूह के समान हो।**
**2 : 0 : : 3 : ?**
(a) 19 (b) 23
(c) 21 (d) 18
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**17. निम्न विकल्पों में से असंगत शब्द को छांटिए ?**
(a) स्पोर्ट्स – मैदान (b) सिनेमा – स्क्रीन
(c) ड्रामा – रंगमंच (d) रबड़ – मिटाना
(e) अनुत्तरित प्रश्न


**18. निम्न विकल्पों में असंगत शब्द छांटिए।**
(a) 187 : 11 (b) 194 : 12
(c) 195 : 13 (d) 224 : 14
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**19. दी गई श्रृंखला को पूरा करे-**
**–1, 2 , 7, ?, 23, 34, 47**
(a) 13 (b) 9
(c) 14 (d) 23
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**20. निम्न दी गई श्रृंखला में अज्ञात पद को प्राप्त करे।**
**DAB, IFG, NKL, ?**
(a) SPO
(b) SPQ
(c) RSQ
(d) SOP
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**21. चार मित्र P,Q,R,S कैरम खेल रहे है। P का मुँह दक्षिण दिशा की ओर S का मुंह पूर्व की ओर, R का मुंह पश्चिम की ओर तथा Q,R के बाँया बैठा है तो :**
**R के दांयी ओर कौन बैठा है?**
(a) P
(b) Q
(c) R
(d) S
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**22. निम्न आकृति में लुप्त संख्या ज्ञात करे।**




(a) 12 (b) 6
(c) 9 (d) 8
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**23. दिए गए सभी कथनों को सत्य मानते हुए कथनों के आधार पर निष्कर्ष का पता करें।**
**कथन : सभी पेन चाक है**
**सभी कुर्सी चाक है**
**निष्कर्ष : (I) कुछ पेन कुर्सी है**
**(II) कुछ चाक पेन है**
(a) केवल निष्कर्ष II सही है
(b) निष्कर्ष- I सही है, निष्कर्ष-II नहीं
(c) दोनों सही है
(d) दोनों गलत है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**24. कथन : सभी तारे, चंद्रमा हैं।**
**सभी चन्द्रमा, ग्रह हैं।**
**सभी ग्रह, गोल हैं।**
**निष्कर्ष : (I) सभी चन्द्रमा के तारे होने की संभावना है।**
**(II) सभी तारे, गोल है**
(a) निष्कर्ष (I) सत्य
(b) निष्कर्ष (II) सत्य
(c) दोनों गलत हैं।
(d) दोनों सही हैं।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**25. एक 25 से.मी. भुजा वाले रंगीन घन को 5 से.मी. भुजा के बराबर टुकड़ो में काटा जाता है। ऐसे कितने घन है जिनमें केवल एक सतह ही रंगीन है।**
(a) 54 (b) 36
(c) 18 (d) 8
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**26. 6:30 मिनट (बजे) दोनों सुईयों के बीच कोण बताइये?**
(a) 45 (b) 15
(c) 30 (d) 60
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**27. निम्नलिखित श्रेणी में अगला पद क्या होगा?**
**9I, 11K, 13M, 15O, ?**
(a) 18R (b) R18
(c) Q17 (d) 17Q
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**28. कौनसा शब्द निम्न शब्दों को अंग्रेजी शब्दकोश के अनुसार व्यवस्थित करेगा?**
**a. Ropped** **b. Roster**
**c. Roasted** **d. Road**
**e. Roller**
(a) c, d, e, a, b (b) c, e, d, a, b
(c) d, e, c, a, b (d) d, c, e, a, b
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**29. निम्न विकल्पों में से असंगत को छाँटिए -**
(a) कुरान (b) गीता
(c) पंचशील (d) बाइबिल
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**30. ADMINISTRATOR शब्द के अक्षरों का प्रयोग करके कौनसा शब्द नहीं बनाया जा सकता है।**
(a) ADMIT (b) NEST
(c) ROAD (d) MANIA
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**31. वह छोटी से छोटी संख्या कौन-सी है, जिसमें 8, 10, 12 से भाग देने पर प्रत्येक दशा में 5 शेष बचे, परन्तु 13 से भाग देने पर कुछ भी शेष न बचे?**
(a) 750 (b) 850
(c) 845 (d) 250
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**32. दो संख्याओं का अनुपात 4 : 5 है। यदि दोनों संख्याओं का गुणनफल 5120 हो, तो दोनों संख्याओं का म.स. ज्ञात कीजिए–**
(a) 91 (b) 15
(c) 17 (d) 16
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**33. चार संख्याओं का औसत 10 है। यदि पहली संख्या, दूसरी संख्या की दो-तिहाई है, दूसरी संख्या, तीसरी संख्या की तीन-चौथाई है, और तीसरी संख्या, चौथी संख्या की चार गुनी है, तो तीसरी संख्या कौन-सी है?**
(a) 4 (b) 16
(c) 12 (d)8
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**34. किसी कक्षा में 100 छात्रों के औसत अंक 80 थे। वरीयता सूची में शीर्ष 15 छात्रों और नीचे के 15 छात्रों के औसत अंक क्रमशः 84 और 74 थे। शेष छात्रों के औसत अंक (दशमलव के दो स्थानों तक सही) ज्ञात करें।**
(a) 82.42 (b) 80.43
(c) 70.42 (d) 79.43
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**35. एक दुकानदार अपने ग्राहकों को 4 जोड़ी जूते खरीदने पर 2 जोड़ी जूते मुफ्त देता है। छूट % होगी–**
(a) 20% (b) 25%
(c) 30% (d) $33\frac{1}{3}$%
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**36. एक दुकानदार क्रय मूल्य से 40% अधिक अंकित करता है तथा 10% छूट देता है लाभ % ज्ञात कीजिए–**
(a) 20% (b) 14%
(c) 26% (d) 40%
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**37 एक चुनाव में A ने कुल मतों के 56 % मत प्राप्त किए और 1560 मतों से जीत गया। कुल मतों की संख्या ज्ञात कीजिए-**
(a) 6090 (b) 7000
(c) 1515 (d)13000
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**38 चीनी के मूल्य में 30 % की वृद्धि हो जाती है। किसी उपभोक्ता को खपत में कितने प्रतिशत की कमी करनी पड़ेगी ताकि व्यय में कोई परिवर्तन न हो ? (दशमलव के दो स्थानों तक शुद्ध मान)**
(a) 60% (b) $23\frac{1}{13}$%
(c) 51 % (d) 55%
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**39. 5,000 रु. का x% दर से 3 वर्ष का साधारण ब्याज उतना ही है जितना 6,000 रुपये का 10% दर से 4 वर्ष का है, तो X का मान बताओ–**
(a) 15% (b) 16%
(c) 17% (d) 18%
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**40. 7600 रु. को दो भागों में बाँटकर पहले भाग को 6% की दर से 4 वर्ष के लिए तथा 7% दर से 2 वर्ष के लिए उधार दी जाती है। यदि दोनों ही स्थितियों में साधारण ब्याज की राशि समान हो, तो पहली शर्त पर कितनी राशि उधार दी गई?**
(a) 4800 रु. (b) 2800 रु.
(c) 3600 रु. (d) 4000 रु.
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**41. कितने प्रतिशत वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर से कोई धन 5 वर्षों में अपने का 1.6 गुणा तथा 7 वर्षों में अपने का 2.5 गुणा हो जाएगा?**
(a) 10% (b) 15%
(c) 20% (d) 25%
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**42. 5 वर्ष में कोई धन 3 गुणा हो जाता है चक्रवृद्धि ब्याज की दर से तो वह धन 10 वर्ष में कितने गुणा हो जाएगा-**
(a) 4 गुणा (b) 6 गुणा
(c) 9 गुणा (d)5गुणा
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**43. दो व्यक्तियों A तथा B की आय का अनुपात 8 : 5 तथा उनके व्यय का अनुपात 5 : 3 है। यदि A तथा B की बचत क्रमश: ₹ 2,400 तथा ₹ 2,000 हो, तो A की आय है-**
(a) ₹ 22,400 (b) ₹ 24,400
(c) ₹ 23,400 (d) ₹ 21,400
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**44. एक थैली में 1 रुपये, 50 पैसे तथा 25 पैसे के सिक्के 25:9:5 के अनुपात में है। यदि थैली में कुल धन 2460 रुपये है, तो थैली में 50 पैसे के सिक्कों की संख्या हैं–**
(a) 360 (b) 580
(c) 1760 (d) 720
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**45 यदि A की आय B की आय से 40 % अधिक हो, तो B की आय A की आय से कितने % कम होगी।**
(a) $28\frac{4}{7}$% (b) 30%
(c) 15% (d)28%
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**46. निम्नलिखित में से कम्प्यूटर विज्ञान की कौनसी पद्धति बताती है कि इनपुट की Accuracy पर आउटपुट की Accuracy निर्भर है-**
(a) Memory Unit (b) GIGO
(c) DOS (d) OS
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**47. BIOS का पूर्ण रूप है-**
(a) बेसिक इनपुट ऑपरेटिंग सिस्टम
(b) बेसिक इनपुट आउटपुट सिस्टम
(c) बेसिक इंटरप्रेटर ऑपरेटिंग सिस्टम
(d) बिट इंटर ऑफ सॉफ्टवेयर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**48. माइक्रोसॉफ्ट पेन्ट एक प्रकार का है-**
(a) सिस्टम सॉफ्टवेयर (b) प्रोग्रामिंग सॉफ्टवेयर
(c) एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर (d) यूटिलिटी सॉफ्टवेयर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**49. नीचे दिए गए कथनों में से कौनसा कथन गलत है?**
(a) RAM एक अस्थायी मेमोरी है।
(b) आठ बिट्स से एक बाइट बनता है।
(c) कम्प्यूटर की गति बिट्स में मापी जाती है।
(d) IPO का अर्थ – इनपुट प्रोसेसिंग आउटपुट
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**50. मौसम की भविष्यवाणी करने वाला कम्प्यूटर निम्नलिखित में से कौनसा होता है?**
(a) एनालॉग कम्प्यूटर (b) डिजिटल कम्प्यूटर
(c) सुपर कम्प्यूटर (d) उपरोक्त सभी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**51. PROM का पूरा नाम निम्नलिखित में से कौनसा है?**
(a) Programmable Read on memory
(b) Program Read on memory
(c) Program Read only memory
(d) Programmable Read only memory
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**52. माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल की सहायता से हम किस तरह के चार्ट बना सकते है?**
(a) लाइन चार्ट (b) एरिया चार्ट
(c) पाई चार्ट (d) उपरोक्त सभी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**53. 'कम्प्यूटर का ब्रेन' कहा जाता है-**
(a) ALU को
(b) CPU को
(c) CU को
(d) Memory Unit को
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**54. माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस में वर्कबुक किससे संबंधित है?**
(a) एम.एस. वर्ड (b) एम.एस. पावर पाइंट
(c) एम.एस. एक्सेल (d) इनमें से कोई नहीं
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**55. एम.एस. एक्सेल में सभी सेल (All cells) के चयन हेतु क्या प्रक्रिया है?**
**a. ctrl+A कुंजी दबाए।**
**b.वर्कशीट के टॉप में सबसे बायीं तरफ इन्टरसेक्शन पर क्लिक करें।**
**c. किसी रो के दायें में तीन क्लिक करें।**
**d. शीट के शीर्ष में तीन क्लिक करें।**
**कूट :-**
(a) a, c (b) a, b
(c) a, b, c (d) a, b, c, d
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**56. एम.एस.पावर पॉइन्ट में व्यू टैब में कौन-कौनसे विकल्प होते हैं?**
**A. Slide Show B. Slide Master**
**C. Handout Master D. Notes Master**
**कूट:**
(a) B,C और D (b) A और B
(c) C और D (d) A,B,C और D
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**57. कम्प्यूटर में शब्द 'पेरिफेरल डिवाइस' का प्रयोग किसके लिए किया जाता है?**
(a) प्रोग्राम कलेक्शन
(b) बड़े पैमाने के कम्प्यूटर सिस्टम
(c) कम्प्यूटर सिस्टम के साथ अटैच की गई कोई भी डिवाइस।
(d) कार्यालय के दूसरे उपकरण जो कम्प्यूटर से न जुड़े हो।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**58. निम्नलिखित कथनों में से सेकेंडरी मैमोरी के विषय में कौनसा कथन असत्य है।**
(A) इसमें बिजली बंद होने पर भी डेटा स्थायी रूप से संग्रहीत रहता है।
(B) यह प्राइमरी मेमोरी की तुलना में तेजी होती है।
(C) यह प्राइमरी मेमोरी की तुलना में अधिक लागत (महंगी) वाली मेमोरी होती है।
**कूट:**
(a) केवल B (b) केवल A तथा C
(c) केवल B तथा C (d) उपर्यक्त सभी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**59. निम्नलिखित में से कौनसी एक कम्प्यूटर मेमोरी का प्रकार नहीं है?**
(a) PROM (b) EPROM
(c) SRAM (d) TRAM
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**60. निम्नलिखित प्रिंटरों में से कौनसा एक डेजी व्हील प्रिंटर का प्रकार हैं?**
(a) लेजर प्रिंटर (b) थर्मल प्रिंटर
(c) इम्पैक्ट प्रिंटर (d) मैट्रिक्स प्रिंटर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**61. ब्रिटिश भारत में स्थापित 'रामकृष्ण मिशन' की स्थापना किस वर्ष की गई थी -**
(a) 1875 में (b) 1889 में
(c) 1897 में (d) 1899 में
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**62. तुर्क आक्रमणकारी महमूद गजनी का सोमनाथ के मंदिर पर आक्रमण किस वर्ष हुआ था-**
(a) 1002 ईस्वी में (b) 1025 ईस्वी में
(c) 947 ईस्वी में (d) 1247 ईस्वी में
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**63. 'इण्डिका' पुस्तक जो प्राचीन भारत के इतिहास की जानकारी प्रदान करती है, के रचनाकार कौन थे-**
(a) टेसियस (b) मेगास्थनीज
(c) हेरोडोट्स (d) संयुगन
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**64. जैन धर्म के कौनसे तीर्थकारों के नाम ऋग्वेद में उल्लेखित मिलते हैं-**
**A. महावीर** **B. ऋषभदेव**
**C. पार्श्व** **D. अरिष्टनेमी**
**E. संभव**
**कूट :**
(a) A, B, C, D और E (b) A, C, D और E
(c) B और D (d) A, B और E
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**65. निम्न शासकों में से कौनसा शासक मौर्य साम्राज्य का संस्थापक था -**
(a) अशोक (b) बिन्दुसार
(c) चन्द्रगुप्त मौर्य (d) घनानंद
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**66. ऋग्वेद के कौनसे मण्डल में सावित्री को समर्पित प्रसिद्ध गायत्री मंत्र का उल्लेख है-**
(a) दसवें मण्डल में (b) पाँचवें मण्डल में
(c) तीसरे मण्डल में (d) प्रथम मण्डल में
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**67. अजमेर दुर्ग का नाम तारागढ़ किस शासक की रानी/पत्नी के नाम पर रखा गया था?**
(a) मेवाड़ शासक पृथ्वीराज की
(b) कुम्भा की (c) अमरसिंह की
(d) रणमल की (e) अनुत्तरित प्रश्न

**68. फूसे खाँ राजस्थान की कौनसी लोक गायन शैली का प्रमुख कलाकार माना जाता है?**
(a) लंगा गायिकी (b) तालबंदी गायिकी
(c) मांड गायिकी (d) मांगणियार गायिकी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**69. प्रमुख क्रांतिकरी केसरीसिंह बारहठ का जन्म किस रियासत में हुआ था?**
(a) मेवाड़ (b) मारवाड़
(c) जयपुर (d) कोटा
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**70. कथन-1 : कान्हड़ देव गुहिल वंश के सबसे प्रतापी शासकों में से एक था।**
**कथन-2 : कान्हड़ देव अकबर का समकालीन शासक था।**
**सत्य कथनों का चयन करें -**
(a) केवल 1 (b) 1 व 2
(c) केवल 2 (d) न तो 1 न 2
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**71. शेख सलीम चिश्ती के निम्न सूफी संतों में कौनसे सूफी सन्त गुरु थे?**
(a) ख्वाजा मुईनुद्दीन (b) हजरत शक्कर बार
(c) पीर फखरुद्दीन (d) बख्तियार काकी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**72. निम्नलिखित नृत्यों में से कथौड़ी जाति के नृत्य की पहचान करें व सही कूट का चयन करें-**
**A. मावलिया नृत्य** **B. गवरी नृत्य**
**C. कूद नृत्य** **D. चरी नृत्य**
**E. होली नृत्य**
**कूट :**
(a) A, B, C, D व E (b) A व E
(c) A, D व E (d) B, D व E
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**73. राजपूतों की उत्पत्ति के सन्दर्भ में राजपूतों की उत्पत्ति को किसने यूची/कुषाणों से माना है?**
(a) सी.पी. वैद्य ने
(b) डॉ. देवी प्रसाद चट्टोपाध्याय ने
(c) अलेक्जेण्डर कनिंघम ने
(d) चन्दरबरदाई ने
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**74. त्रिपुरा सुन्दरी माता कौनसे राजवंश की इष्ट देवी के रूप में पूजी जाती है?**
(a) गुहिल वंश की (b) राठौड़ वंश की
(c) यादव वंश की (d) सोलंकी वंश की
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**75. राजस्थान में किस स्थान से पंचमार्क अथवा आहत मुद्राएँ प्राप्त हुई थीं?**
(a) बैराठ से (b) ओझियाना से
(c) बदनोर से (d) जोधपुर से
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**76. निम्नलिखित लोकदेवियों को उनके स्थान से संबंधित जिलों के युग्मों से सुमेलित करें-**

| | लोकदेवी | | स्थान/जिला |
|---|---|---|---|
| A. | भदाणा माता | 1. | नागौर |
| B. | भांवल माता | 2. | भीलवाड़ा |
| C. | अम्बा माता | 3. | आबू रोड़ |
| D. | जोगणिया माता | 4. | कोटा |

**कूट :**
(a) A-4, B-1, C-3, D-2
(b) A-4, B-2, C-3, D-1
(c) A-4, B-1, C-2, D-3
(d) A-1, B-2, C-3, D-4
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**77. नयन चन्द्र सूरि जो जैन मुनि थे, के द्वारा राजस्थानी साहित्य का कौनसा ग्रंथ रचा गया था?**
(a) वीर विनोद
(b) हम्मीर महाकाव्य
(c) पद्मावत
(d) नागर समुच्चय
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**78. निम्न शासक तथा उनके शासन काल को दर्शाने वाले युग्मों में कौनसे युग्म सही सुमेलित हैं?**
**A. राव जैत सिंह – शासनकाल : 1526 से 1542 ई. तक**
**B. राव लूणकरण – शासनकाल : 1544 से 1574 ई. तक**
**C. राव कल्याणमल – शासनकाल : 1505 से 1526 तक**
**कूट :-**
(a) केवल A
(b) A व C
(c) B व C
(d) A व B
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**79. निम्नलिखित रस्मों में से कौनसी रस्म वैवाहिक रस्मों में सम्मिलित की जाती है?**
(a) फूल चुनना
(b) ठींचौ
(c) लांपा
(d) बिनोटा
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**80. मुगल बादशाह द्वारा राजपूताने के किस शासक को 'रणजीत नक्कारा' प्रदान किया गया था?**
(a) गोपालदास को
(b) भगवन्त सिंह
(c) राना निहाल सिंह
(d) रणधीर सिंह
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**81. कथन-1 : कुम्भलगढ़ दुर्ग का निर्माण मौर्य शासक सम्प्रति निर्मित दुर्ग के अवशेषों पर कराया गया था।**
**कथन-2 : कुम्भलगढ़ दुर्ग सादड़ी गाँव के समीप स्थित है।**
**सत्य कथनों का चयन करें-**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 व 2
(d) न तो 1 न ही 2
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**82. ज्ञान समुद्र, ज्ञान सवैया आदि प्रमुख ग्रंथ राजस्थान के किस लोकदेवता द्वारा लिखे गये थे?**
(a) संत रज्जब जी द्वारा
(b) संत सुंदरदास जी द्वारा
(c) संत पीपा जी
(d) संत धना जी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**83. राजस्थान की कौनसी बोली भाषा पर ब्रजभाषा का प्रभाव नजर आता है?**
(a) वागड़ी पर
(b) ढूँढाड़ी पर
(c) मेवाती पर
(d) मेवाड़ी पर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**84. मुगल बादशाह द्वारा कच्छवाह शासक मानसिंह को कौनसे वर्ष बिहार की सूबेदारी सौंपी गई?**
(a) वर्ष 1590 में
(b) वर्ष 1587 में
(c) वर्ष 1584 में
(d) वर्ष 1592 में
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**85. आदिवासी समाज में व्यक्ति की सामूहिक आर्थिक मदद करने की प्रथा कहलाती है-**
(a) सागड़ी प्रथा
(b) साग प्रथा
(c) नौतरा प्रथा
(d) बमौरी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**86. घड़सीसर तालाब पर नीलकंठ महादेव का मंदिर किस शासक के शासनकाल में बनवाया गया था?**
(a) रावल भीम के शासनकाल में
(b) रावल मनोहरदास के शासनकाल में
(c) राणा उदयसिंह के काल में
(d) मानसिंह के शासनकाल में
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**87. राज्य के कौनसे पुरातात्विक स्थल से प्राप्त मृदभाण्डों में काली मिट्टी के प्रमाण प्राप्त हुए हैं?**
(a) बरोर स्थल से
(b) किरोडोत स्थल से
(c) ईसवाल स्थल से
(d) कुराड़ा से
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**88. राज्य के कौनसे लोकदेवता के ज्ञानोपदेश विराजमान स्थान को 'साथरिया' कहा जाता है?**
(a) जसनाथ जी के
(b) जम्भेश्वर जी के
(c) दादूजी के
(d) मावल जी के
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**89. कथन-1 : अजयराज ने अजमेर शहर की स्थापना 1113 ई. में की थी।**
**कथन-2 : अजयराज, पृथ्वीराज-I का पुत्र था।**
**सत्य कथनों का चयन करें –**
(a) केव 1
(b) 1 व 2
(c) केवल 2
(d) न तो 1 न ही 2
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**90. निम्नलिखित युग्मों में से सही सुमेलित युग्म का चयन करें व सही कूट की पहचान करें-**

| | मेला | आयोजन स्थल |
|---|---|---|
| A. | मल्लीनाथ पशु मेला | सियावा, सिरोही |
| B. | धनोपमाता का मेला | भीलवाड़ा |
| C. | सेवड़िया पशु मेला | अलवर |

(a) A, B व C
(b) A व C
(c) B व C
(d) केवल B
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**91. विजयराज चूड़ाला के नाम से किस वंश के शासक को जाना गया है?**
(a) गुहिल वंश के
(b) राठौड़ वंश के
(c) भाटी वंश के
(d) कच्छवाह वंश के
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**92. किस प्रतिहार शासक ने मण्डोर का शिलालेख जो जोधपुर में है, को खुदवाया था?**
(a) यशोवर्धन ने
(b) राजा बाउक ने
(c) राजा शिलूक ने
(d) नरभट्ट ने
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**93. राजस्थान की कौनसी झील के मध्य में जगनिवास व जग मंदिर महल हैं?**
(a) नक्की झील के
(b) पिछौला झील के
(c) फतेह सागर झील के
(d) राजसमंद झील के
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**94. राज्य में 'भागोरिया होली' किस समुदाय द्वारा तथा किस क्षेत्र में खेली जाती है?**
(a) राजपूत समुदाय द्वारा जयपुर में
(b) मीणा समुदाय द्वारा सवाईमाधोपुर में
(c) भोपा समुदाय द्वारा अलवर में
(d) आदिवासी समुदाय द्वारा मेवाड़ में
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**95. राजस्थान में महिलाओं द्वारा गाये जाने वाले स्थानीय सगुण भक्ति लोकगीतों को कहा जाता है?**
(a) घुड़ला
(b) रसिया
(c) दुपट्टा
(d) हरजस
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**96. महाराणा सांगा – बाबर के मध्य लड़े गये कौनसे युद्ध में सांगा को विजय प्राप्त हुई थी?**
(a) बाड़ी के युद्ध में
(b) खानवा के युद्ध में
(c) बयाना युद्ध में
(d) खातौली युद्ध में
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**97. निम्नलिखित युग्मों में सही सुमेलित युग्मों का चयन करें व सही कूट की पहचान करें-**

| | आभूषण नाम | धारण |
|---|---|---|
| A. | गलद्वार | गले का आभूषण |
| B. | खींच | स्त्रियों के हाथ का आभूषण |
| C. | कलिंग | पुरुषों के सिराभूषण |

**सत्य कूट :-**
(a) A, B व C
(b) A व C
(c) B व C
(d) A व B
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**98. कौनसे दो शासकों के 'मध्य मतीरे की राड़/युद्ध' हुआ था?**
(a) अमरसिंह राठौड़ – लूणकर्ण के मध्य
(b) अमरसिंह राठौड़ – कर्णसिंह के मध्य
(c) जयसिंह – कर्णसिंह के मध्य
(d) ईश्वरी सिंह – कर्णसिंह के मध्य
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**99. प्रायद्वीपीय भारत की कौनसी नदी को 'दक्षिण की गंगा' के नाम से जाना जाता है-**
(a) महानदी नदी
(b) कृष्णा नदी
(c) कावेरी नदी
(d) गोदावरी नदी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**100. निम्नलिखित पर्वतीय शहर व उनसे संबंधित राज्यों के युग्मों को दर्शाने वाले सही सुमेलित युग्मों का चयन कीजिए –**

| पर्वतीय शहर | राज्य |
|---|---|
| A. पहलगाँव | जम्मू व कश्मीर |
| B. दार्जिलिंग | सिक्किम |
| C. लैंसडाउन | हिमाचल प्रदेश |

**कूट :**
(a) केवल A
(b) A, B और C
(c) A और B
(d) B और C
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**101. निम्नलिखित युग्मों में सुमेलित युग्मों का चयन कीजिए -**

| वायुमण्डल की परत | ऊँचाई |
|---|---|
| A. क्षोभमण्डल | 0 से 18 किमी. तक |
| B. समतापमण्डल | 18 से 50 किमी. तक |
| C. मध्यमण्डल | 50 से 200 किमी. तक |
| D. आयनमण्डल | 200 से 400 किमी. तक |

**कूट :**
(a) A, B, C और D
(b) A और B
(c) A, B और D
(d) A, C और D
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**102. 14 जनवरी के समय/दिन सूर्य किस अक्षांश पर लम्बवत् चमकता है -**
(a) कर्क अक्षांश पर
(b) मकर अक्षांश पर
(c) आर्कटिक वृत्त पर
(d) अंटार्कटिक वृत्त पर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**103. सौरमण्डल का कौनसा ग्रह पृथ्वी के सबसे निकटतम स्थिति को दर्शाने वाला ग्रह है-**
(a) बुध ग्रह
(b) मंगल ग्रह
(c) शुक्र ग्रह
(d) बृहस्पति ग्रह
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**104. पाकिस्तान की सीमा भारत के कौन-कौनसे राज्यों/केंद्रशासित राज्यों से लगती है-**
**A. गुजरात** **B. जम्मू-कश्मीर**
**C. उत्तराखण्ड** **D. पंजाब**
**E. राजस्थान** **F. हिमाचल प्रदेश**

**कूट :**
(a) A, C, D और F
(b) A, B, D और F
(c) A, B, D और E
(d) A, B, C, D, E और F
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**105. भारत में सर्वाधिक उपयुक्त क्षेत्र जो कपास की खेती के लिए अनुकूल है?**
(a) रन ऑफ कच्छ (b) दक्कन का पठार
(c) सिंधु-गंगा पठार (d) ब्रह्मपुत्र घाटी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**106. पृथ्वी पर पड़ने वाले सूर्यातप की मात्रा निम्नलिखित में से किस कारक पर मुख्यतः निर्भर करती है?**
(a) उस स्थान की जलवायु पर
(b) उस स्थान के अक्षांश पर
(c) उस स्थान के उच्चावच पर
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**107. निम्न महासागरों में से किस महासागर में सर्वाधिक सक्रिय ज्वालामुखी की उपस्थिति नजर आती है?**
(a) प्रशांत महासागर में
(b) आर्कटिक महासागर में
(c) हिंद महासागर में
(d) अटलांटिक महासागर में
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**108. दुनिया की सबसे ऊंची छोटी माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाले सबसे युवा भारतीय है-**
(a) जागेश्वर देव (b) अर्जुन वाजपेयी
(c) शिवा थापा (d) राम सुथरा
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**109. राजस्थान के पाली जिले के दक्षिणी भाग को किस उपनाम से जाना जाता है?**
(a) शेखावाटी (b) तोरावाटी
(c) वागड़ (d) गोडवाड़
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**110. चाकण बाँध राज्य के कौनसे जिले में अवस्थित है?**
(a) पाली में (b) बूँदी में
(c) झालावाड़ में (d) प्रतापगढ़ में
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**111. राज्य के कौनसे जिलों की सीमा का विस्तार मध्यप्रदेश के साथ है?**
**A. धौलपुर की** **B. भरतपुर की**
**C. सवाईमाधोपुर की** **D. कोटा की**
**E. चित्तौड़गढ़ की**
**कूट :**
(a) A, B, C, D व E (b) A, B, D व E
(c) A, B, C व E (d) A, C, D व E
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**112. राजस्थान में शीतकाल में वर्षा करने वाले विक्षोभों की उत्पत्ति होती है-**
(a) अरब सागर में (b) बंगाल की खाड़ी में
(c) भूमध्य सागर में (d) बाल्टिक सागर में
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**113. 'आबू पर्वत खण्ड उपविभाग' राजस्थान के कौनसे भौगोलिक प्रदेश का भाग है?**
(a) पूर्वी-मैदानी भाग का
(b) अरावली प्रदेश का
(c) पश्चिमी रेतीले मैदान का
(d) दक्षिण-पूर्वी पठारी भाग का
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**114. राजस्थान जनगणना-2011 के अनुसार राज्य में पुरुष जनसंख्या का मान है?**
(a) 6,85,48,437 (b) 3,55,50,997
(c) 3,29,97,440 (d) 4,08,42,930
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**115. कथन-1 : हीरे के भण्डार राज्य के केसरपुरा, प्रतापगढ़ में अनुमानित है।**
**कथन-2 : भारत में हीरे के सर्वाधिक भण्डार मध्यप्रदेश में पाये जाते हैं।**
**सत्य कथनों का चयन करें-**
(a) केवल 1 (b) 1 व 2
(c) केवल 2 (d) न तो 1 न ही 2
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**116. निम्नलिखित नदियों में से कौनसी नदियाँ बंगाल की खाड़ी के अपवाह स्वरूप का निर्माण करती है?**
**A. बामणी** **B. वाकल**
**C. बनास** **D. बाणगंगा**
**E. पार्वती**
**कूट:**
(a) A, B, C, D व E (b) A, B, C व E
(c) A, C, D व E (d) A, D व E
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**117. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में 'मार्शल लॉ' के संदर्भ में प्रावधान किया गया है-**
(a) अनुच्छेद-34 में (b) अनुच्छेद-35 में
(c) अनुच्छेद-32 में (d) अनुच्छेद-33 में
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**118. संसद के निचले सदन 'लोकसभा' के पीठासीन पदाधिकारी या लोकसभा अध्यक्ष को शपथ दिलाई जाती है-**
(a) उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश द्वारा
(b) राष्ट्रपति द्वारा
(c) राज्यपाल द्वारा
(d) लोकसभा अध्यक्ष की शपथ नहीं होती है
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**119. संसद के गठन में निम्न में सम्मिलित होते हैं-**
**A. राज्यसभा** **B. विधानसभा**
**C. विधानपरिषद्** **D. राष्ट्रपति**
**E. लोकसभा**
**कूट :**
(a) A, C और E (b) A और E
(c) A, B, C और D (d) A, D और E
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**120. भारत में निर्वाचन आयोग (केन्द्रीय) का गठन कितने सदस्यों से मिलकर होता है-**
(a) 1+2 सदस्य (b) 1+3 सदस्य
(c) 1+5 सदस्य (d) 1+7 सदस्य
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**121. किसी राज्य की विधानपरिषद् में सदस्यों की न्यूनतम संख्या कितनी होती है-**
(a) न्यूनतम 40 (b) न्यूनतम 60
(c) न्यूनतम 80 (d) न्यूनतम 200
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**122. संविधान के किस संशोधन अधिनियम के द्वारा संविधान में अधिकरणों का प्रावधान किया गया था -**
(a) 42वें संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा
(b) 44 वें संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा
(c) 74 वें संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा
(d) 25 वें संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**123. निम्न में से कौनसी शैवालों का उपयोग आयोडिन के स्रोत के रूप में किया जाता है-**
**A. फ्यूकस** **B. बेलोनिया**
**C. अल्बा** **D.एकलोनिया**
**E. लेमिनेरिया**
**कूट :**
(a) A, B, C, D और E (b) A, D और E
(c) B, C, D और E (d) A, C और E
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**124. 'कोशिका का शक्तिकेंन्द्र' कहलाने वाले कोशिकांग के खोजकर्ता कौन थे -**
(a) वाटसन
(b) मेण्डल
(c) डी-डूवे
(d) अल्टमैन
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**125. किसी द्रव का दाब बढ़ाने पर उसके क्वथनांक का मान ................ जाता है/रहता है-**
(a) घट
(b) बढ़
(c) अपरिवर्तीत
(d) पहले घटता है बाद में बढ़ता है
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**126. निम्नलिखित युग्मों में से सुमेलित युग्म का चयन कीजिए-**

| **खोज** | **खोजकर्ता** |
|---|---|
| (a) परमाणु | जॉन डॉल्टन |
| (b) फोटोग्राफी | मैण्डलीफ |
| (c) सापेक्षता का सिद्धान्त | सी.वी. रमण |
| (d) रेडियम | हेनरी बेकरल |

(e) अनुत्तरित प्रश्न

**127. नॉन-स्टिक बर्तनों को बनाने में कौनसे बहुलक का उपयोग किया जाता है-**
(a) बैकेलाइट का (b) टेफ्लॉन का
(c) पोलीस्टाइरीन (d) पॉलीथीन
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**128. निम्न में से कौन-से कार्य का लार से संबंध नहीं है या लार का लाभ नही है?**
(a) लार भोजन निगलने में सहायता करती है।
(b) लार जिह्वा की गति को सुगम बनाती है।
(c) लार मुख को साफ रखती है।
(d) लार शरीर में RBC की वृद्धि करती है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**129. सभी अम्ल धातुओं से अभिक्रिया कर कौन-सी गैस देते हैं?**
(a) हाइड्रोजन (b) नाइट्रोजन
(c) ऑक्सीजन (d) क्लोरीन
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**130. हमें वास्तविक सूर्योदय से कुछ मिनट पूर्व ही सूर्य दिखाई देने का कारण है-**
(a) प्रकाश का प्रकीर्णन
(b) प्रकाश का विवर्तन
(c) प्रकाश का पूर्ण आंतरिक परिवर्तन
(d) प्रकाश का अपवर्तन
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**131. मालाबार अभ्यास 2024 का आयोजन 8 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक कहाँ पर किया जाएगा?**
(a) विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश (b) चेन्नई, तमिलनाडु
(c) मुम्बई, महाराष्ट्र (d) पाराद्वीप, ओडिसा
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**132. अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में जीत दर्ज कर कौन अमेरिका का नया राष्ट्रपति बना है।**
(a) कमला हैरिस (b) डोनाल्ड ट्रंप
(c) माइया सांदू (d) ड्यूमा बोको
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**133. एशियाई विकास बैंक के 11वें अध्यक्ष किसे बनाया गया है।**
(a) मासात्सुगु असाकावा (b) अमिताभ चौधरी
(c) राजेश कुमार सिंह (d) मासातो कांडा
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**134. संयुक्त राष्ट्र नारकोटिक ड्रग्स आयोग (CND) के 68वें सत्र की अध्यक्षता के लिए किस देश को चुना गया है?**
(a) भारत (b) ऑस्ट्रेलिया
(c) बांग्लादेश (d) म्यांमार
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**135. हाल ही में विमेंस अंडर-19 एशिया कप किस देश ने जीता हैं।**
(a) भारत (b) बांग्लादेश
(c) श्रीलंका (d) पाकिस्तान
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**136. हाल ही में जारी की गई द हेनले पासपोर्ट इंडेक्स में भारत की रैंक कौनसी है?**
(a) 80वाँ (b) 82वाँ
(c) 84वाँ (d) 85वाँ
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**137. हाल ही में केन्द्र सरकार ने केंद्र सरकार ने 8वें वेतन आयोग बनाने की मंजूरी दी है इसकी सिफारिशें कब से लागू होंगी।**
(a) 2025 (b) 2026
(c) 2027 (d) 2028
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**138. हाल ही में किसे बेल्जियम के नए प्रधानमंत्री के रूप में चुना गया हैं?**
(a) बोर्ट डी वेवर (b) शिगेरू इशिबा
(c) किएर स्टार्मर (d) फ्रेंकोइस बायरू
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**139. जम्मू-कश्मीर में आयोजित नेशनल विंटर आइस स्टॉक्स चैंपियनशिप में मेडल जीतने वाली देश की पहली ट्रांसजेंडर खिलाड़ी कौन है ?**
(a) रितिका सिंह (b) शुभम गोरा
(c) द्रौपदी मीणा (d) लक्ष्मणदास काव्या
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**140. 16 फरवरी, 2025 को राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने किस स्थान पर राष्ट्रीय जनजातीय महोत्सव 'आदि महोत्सव' का उद्घाटन किया।**
(a) उज्जैन (b) उत्तराखण्ड
(c) झारखंड (d) नई दिल्ली
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**141. हाल ही में राजस्थान में महिला सुरक्षा हेतु जारी किया गया हेल्पलाइन नम्बर है -**
(a) निर्भया हेल्पलाइन नम्बर
(b) गरिमा हेल्पलाइन नम्बर
(c) हाड़ीरानी हेल्पलाइन नम्बर
(d) दुर्गा हेल्पलाइन नम्बर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**142. घरेलू हिंसा से पीड़ित महिला अपनी याचिका जमा करा सकती है -**
**(A) संरक्षण अधिकारी को**
**(B) सेवा प्रदाता को**
**(C) पुलिस निरीक्षक को**
**कूट :-**
(a) A, C (b) B , C
(c) A, B (d) A, B, C
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**143. राज्य का पहला महिला पुलिस थाना कहाँ स्थापित किया गया?**
(a) जयपुर (b) जोधपुर
(c) अलवर (d) अजमेर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**144. घरेलू हिंसा करने वाले प्रत्यर्थी के विरूद्ध कार्यवाही का निस्तारण कितने दिन में करना आवश्यक है?**
(a) 30 दिन (b) 60 दिन
(c) 90 दिन (d) 120 दिन
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**145. अनैतिक व्यापार रोकथाम अधिनियम के सम्बन्ध में निम्न कथन व कारण पर विचार कीजिए -**
**कथन A : 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति द्वारा वेश्या के साथ निवास करना अपराध माना गया है।**
**कारण R : इसे वेश्यावृति के उपार्जन पर जीवन निर्वाह माना जाता है।**
**कूट :-**
(a) कथन व कारण सही है तथा कारण, कथन का सही स्पष्टीकरण है।
(b) कथन व करण सही है। जबकि कारण, कथन का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
(c) कथन सही व कारण गलत है।
(d) कारण सही व कथन गलत है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**146. बालश्रम संशोधन अधिनियम 2016 में बालश्रम से पीड़ित वर्ग को आयु के आधार पर कितनी श्रेणीयों में बाँटा गया है।**
(a) दो (b) तीन
(c) चार (d) कोई विभाजन नहीं
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**147. 'निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा' का अधिकार किस अनुच्छेद के तहत दिया गया है?**
(a) अनुच्छेद 45 (b) अनुच्छेद 21(क)
(c) अनुच्छेद 41 (d) अनुच्छेद 39
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**148. मानव तस्करी और बलात श्रम का निषेध किस अनुच्छेद के अंतर्गत है?**
(a) अनुच्छेद 23 (b) अनुच्छेद 24
(c) अनुच्छेद 19 (d) अनुच्छेद 21
(e) अनुत्तरित प्रश्न


**149. बाल श्रम का निषेध किस अनुच्छेद में वर्णित है?**
(a) अनुच्छेद 19 (b) अनुच्छेद 39
(c) अनुच्छेद 24 (d) अनुच्छेद 21
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**150. इंदिरा महिला शक्ति उड़ान योजना का उद्देश्य क्या है?**
(a) महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करना
(b) मासिक धर्म स्वच्छता को बढ़ावा देना
(c) महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण देना
(d) महिलाओं को सैनेटरी पैड्स वितरित करना
(e) अनुत्तरित प्रश्न

♦ ♦ ♦ ♦

**1. [c]**


**व्याख्या :-**




- कुल लड़के = दांयें से स्थिति + बांये से स्थिति–1
  = 21 + 21 – 1 ⇒ 42–1 = 41

**2. [b]**

**व्याख्या :-**




जब स्थान परिवर्तन करते है तो
कुल संख्या = (A का नया स्थान) + (B का पुराना स्थान – 1)
= 21 + 18 – 1 = 38
अत: B की नीचे से नई स्थिति = 38 – 13 + 1 ⇒ 25 + 1 = 26


**3. [c]**

**व्याख्या :-**

- भूरे जानवर जिनकी पूँछ नहीं है की संख्या = 5
  वह संख्या, जो जानवर व भूरे वाले वृत्त में उभयनिष्ठ हों, परंतु पूँछ वाले वृत्त में न हो।

**4. [b]**


**व्याख्या :-**




- उपरोक्त आकृति से शिक्षित व्यक्ति जो कार्यरत हैं ⇒ 6 + 12 = 18

**5. [a]**


**व्याख्या :-**




- आकृति से – प्रारम्भ स्थान से दूरी = 10 मीटर
  दिशा = उत्तर दिशा

**6. [c]**

**व्याख्या :-**




अत: अंत में सुमन पश्चिम दिशा की ओर जा रही है।

**7. [d]**


**व्याख्या :-**

- लीप वर्ष +3 = 1968 + 3 = 1971
  ∴ 1971 में 11 जोड़ने पर = 1971 + 11 = 1982

**Note :** किसी लीप वर्ष के बाद दूसरे और तीसरे वर्ष का कैलेण्डर 11 वर्ष बाद प्रयोग किया जा सकता है।

**8. [b]**


**व्याख्या :-**




25 – मंगलवार
25 – 7 = 18 मंगलवार
18 – 7 = 11 मंगलवार
11 – 7 = 4 मंगलवार
अत: 4 + 3 = 7
मंगलवार + 3 = शुक्रवार

**9. [c]**


**व्याख्या :-**




अत: वह आदमी एकता का पति है।

**10. [d]**


**व्याख्या :-**




अत: D की दादी A है।

**11. [d]**

**व्याख्या :-**





स्थान = $L_2 - L_1$ = 15वां – 5वां

= बायें से 10वां अक्षर अर्थात D

**12. [c]**

**व्याख्या :-**




**13. [d]**

**व्याख्या :-**

- किताब ले जाने के लिये बैग का उपयोग किया जाता है।
- यहाँ बैग को शब्दकोश कहा गया है।

अत: किताब ले जाने के लिए शब्दकोश का प्रयोग करेंगे।

**14. [c]**

**व्याख्या :-**

WORK – क्र.स.

W — विपरित — D (4)

O — — L (12)

R —— I (09)

K —— P (16)

इसी प्रकार :

W — D — (4)

O — L — (12)

M — N — (14),

A — Z — (26)

N — M — (13)

अत: क्रम : 4 – 12 – 14 – 26 – 13

**15. [d]**

**व्याख्या :-**

- मधुमक्खी की ध्वनि गुंजन है।
- इसी प्रकार उल्लू की ध्वनि धुधुआना होगी।

**16. [a]**

**व्याख्या :-**

$(2)^3 - 8 = 0$

$(3)^3 - 8 = 27 - 8 = 19$

**17. [d]**

**व्याख्या :-**

यहाँ रबड़ – मिटाना अलग हैं

क्योंकि अन्य के साथ वह स्थान है जहाँ कार्य किया जाता है

रबर – मिटाने के लिए प्रयुक्त

**18. [b]**

**व्याख्या :-**

$\frac{187}{11} = 17$


$\frac{195}{13} = 15$

$\frac{224}{14} = 16$

But Option (b) = $\frac{194}{12} = 16.1$ (पूर्णभाज्य नहीं है)

**19. [c]**


**व्याख्या :-**




**श्रृंखला का पद + 2 से क्रमश: बढ़ रहा है।**

**20. [b]**


**व्याख्या :-**





**21. [a]**

**व्याख्या :-**

प्रश्न के अनुसार निम्न आकृति प्राप्त होगी-




अत: R के दायीं ओर P बैठा है।


**22. [a]**

**व्याख्या :-**

- आकृति से
  6 × 2 = 12
  4 × 3 = 12
  $x \times 1 = 12$
  $x = 12$ (लुप्त संख्या)

**23. [a]**


**व्याख्या :-**




अत: केवल निष्कर्ष II सही है।

**24. [d]**

**व्याख्या :-**




अत: निष्कर्ष I व II दोनों अनुसरण करते हैं।

**25. [a]**

**व्याख्या :-**

$x = \frac{\text{बड़ा घन}}{\text{छोटा घन}}$ जहां $x = \frac{25}{5} = 5$

एक रंगीन सतह वाले घनों की संख्या = $6(x-2)^2$

= $6(5-2)^2$

= $6 \times 9 = 54$

**26. [b]**


**व्याख्या :-**

कोण = $\frac{60 \times \text{घण्टे} - 11 \times \text{मिनट}}{2}$

$= \frac{60 \times 6 - 11 \times 30}{2} = \frac{360 - 330}{2} = \frac{30}{2} = 15°$

**27. [d]**

**व्याख्या :-**




**28. [d]**

**व्याख्या :-**

- Road-roasted-Roller-Ropped-Roster
  (d, c, e, a, b)

**29. [c]**

**व्याख्या :-**

- पंचशील
- अन्य तीन पुस्तकें धार्मिक ग्रंथ हैं।

**30. [b]**

**व्याख्या :-**

- NEST क्योंकि E अक्षर का प्रयोग शब्द में नहीं है।

**31. [c]**

**व्याख्या:-**

| | |
|---|---|
| 2 | 8, 10, 12 |
| 2 | 4, 5, 6 |
| 2 | 2, 5, 3 |
| 3 | 1, 5, 3 |
| 5 | 1, 5, 1 |
| | 1, 1, 1 |

- अत: 8, 10, 12 का ल.स. = 2 × 2 × 2 × 3 × 5 = 120
  अब माना अभीष्ट संख्या = 120K + 5 = 13× 9K + 3K + 5 = 13 × 9K + (3K +5)
  यहाँ K का मान ढूँढ़ना है कि (3K+5), 13 से विभाजित हो जाए।

∴ यदि K = 7 रखा जाए तो 3K + 5 = 3 × 7 + 5 = 21 + 5 = 26, जो 13 से भाज्य है।

∴ अभीष्ट संख्या = 120 K + 5
= 120 × 7 + 5 = 840 + 5 = 845

**32. [d]**

**व्याख्या:-**

- दोनों संख्याओं में अनुपात = 4 : 5
  माना दोनों संख्याओं का म.स. n है। अत: दोनों संख्याएँ क्रमश: 4n तथा 5n होगी।
  4n × 5n = 5120 या $n^2$ = 256 या n=16 अत: दोनों संख्याओं का म.स. = n = 16

**33. [b]**

**व्याख्या :-**

- माना चौथी संख्या = x
  तीसरी संख्या = 4x
  दूसरी संख्या = $\frac{3}{4} \times 4x = 3x$
  पहली संख्या = $\frac{2}{3} \times 3x = 2x$
  औसत = $\frac{x + 4x + 3x + 2x}{4} = 10$
  ⇒ 10x = 10×4 ⇒ x = 4
  तीसरी संख्या = 4x = 4×4 = 16

**34. [b]**

**व्याख्या:-**

$\Rightarrow$ 100 × 80 – 15 × 84 – 15 × 74

= 8000 – 1260 – 1110 = 5630

औसत = $\frac{5630}{70} = 80.43$

**35. [d]**

**व्याख्या :**

– छूट प्रतिशत = $\frac{2}{4+2} \Rightarrow \frac{2}{6}\times100$

$\Rightarrow \frac{1}{3}\times100 \Rightarrow 33\frac{1}{3}\%$

**36. [c]**

**व्याख्या :**


लाभ प्रतिशत = $100\times\frac{140}{100}\times\frac{90}{100} = 126\%$

= 26% लाभ

अत: 26% लाभ होगा।

**37 [d]**

**व्याख्या :-**




12 % = हार या जीत का अंतर

$\frac{1560}{12}\times100 = 13000$ मत

**38 [b]**

**व्याख्या :-**

अभीष्ट प्रतिशत = $\frac{\text{वृद्धि\%}}{100 + \text{वृद्धि\%}} \times 100$

$= \frac{30}{100+30}\times100 = \frac{3000}{130} = 23\frac{1}{13}\%$

**39. [b]**

**व्याख्या :-**

दोनों स्थिति में S.I. बराबर हो

साधारण ब्याज = साधारण ब्याज

$\frac{\text{मूलधन} \times \text{समय} \times \text{दर}}{100} = \frac{\text{मूलधन} \times \text{समय} \times \text{दर}}{100}$

$\frac{5000\times x\times3}{100} = \frac{6000\times10\times4}{100}$

50 × x × 3= 60 ×10 × 4

$x = \frac{60\times10\times4}{50\times3} = 16\%$

**40. [b]**

**व्याख्या:**

– माना A = पहली राशि, B = दूसरी राशि

(6×4) × A = (7×2) × B

$\Rightarrow$ 12A = 7B

A : B = 7 : 12

पहली शर्त = $\frac{7}{19}$ × 7600

= 2800 रु

**41. [d]**

**व्याख्या:**

$\frac{\text{मिश्रधन 2}}{\text{मिश्रधन 1}} = \left(\frac{100+r}{100}\right)^{t_2 - t_1}$, $t_1$ = 5 वर्ष, $t_2$ = 7 वर्ष

$\frac{2.5}{1.6} = \left(\frac{100+r}{100}\right)^{7-5}$ (r = दर)

$\left(\frac{5}{4}\right)^2 = \left(\frac{100+r}{100}\right)^2$

$\Rightarrow$ 500 = 400 + 4r $\Rightarrow$ 100 = 4r

$\Rightarrow$ दर = $\frac{100}{4}$ $\Rightarrow$ दर = 25%

अत: दर 25% होगी।

**42. [c]**

**व्याख्या:**

$5 \rightarrow 3$

$10 \rightarrow (3)^2 = 9$ गुणा

अत: 10 वर्ष में वह धन 9 गुणा हो जाएगा।

**43. [a]**

**व्याख्या:**

माना दो व्यक्तियों A तथा B की आय 8x एवं 5x है।

प्रश्नानुसार

$\frac{8x-2400}{5x-2000} = \frac{5}{3}$

$x = 2800$

A की आय = 8x

= 8× 2800 = 22,400 रु

**44. [d]**

**व्याख्या:**

| | 1Rs | | 50P | | 25P |
|---|---|---|---|---|---|
| सिक्के | 25 | : | 9 | : | 5 |
| रुपये | 25Rs | | 4.5Rs | | 1.25Rs |

(प्रश्न में कुल रुपये दिए हैं अत: सिक्कों को रुपये में बदले गए)

अत: कुल रुपयों का अनुपात

= 25 + 4.5 + 1.25

= 30.75

$\Rightarrow$ 50P के सिक्के = $\frac{2460}{30.75}$ ×9 = 720

**45 [a]**

**व्याख्या :-**

$$\frac{x}{100+x}\times 100$$

$$\frac{40}{140}\times 100=\frac{200}{7}=28\frac{4}{7}\%$$

**46. [b]**

**व्याख्या :-**

– GIGO- Garbage in Garbage out
– यह कम्प्यूटर विज्ञान में एक प्रमुख Concept है जिसके माध्यम से पता चलता है कि इनपुट की Accuracy पर Ouptput की Accuracy निर्भर करती है।

**47. [b]**

**व्याख्या :-**

– BIOS- (Basic Input Output System) ऑन करते समय कम्प्यूटर के सिस्टम में उपयोग हेतु निर्देश, संरक्षित BIOS चिप में करते हैं जो ऑपरेटिंग सिस्टम स्लॉट, पोर्ट ड्राइव आदि को नियंत्रित करते है। इसी के माध्यम से Power On Self Test होता है।

**48. [c]**

**व्याख्या:-**

- विन्डोज 10 मे बुनियादी उपयोगिताओं का निर्माण किया गया है जिसके लिए एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर उपलब्ध कराए गऐ है।
- जैसे Wordpad Notepad, MS-Paint (माइक्रोसॉफ्ट पेन्ट) एक एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर है जो electronic Painting हेतु उपयोग किया गया है।

**49. [c]**

**व्याख्या :-**

- कम्प्यूटर की गति मेगा हर्ट्ज या गीगा हर्ट्ज में मापी जाती है।
- 8 Bit = 1 Byte
- 1024 Byte = 1 KB
- 1024 KB = 1 MB
- 1024 MB = 1 GB
- 1024 GB = 1 TB
- प्रोसेसर की गति हर्ट्ज में मापी जाती है।

**50. [c]**

**व्याख्या :-**

– मौसम की भविष्यवाणी करने वाला कम्प्यूटर एक सुपर कम्प्यूटर होता है। यह एनालॉग और डिजिटल दोनो कंप्यूटरों का मिश्रण होता है।

**51. [d]**

**व्याख्या :-**

– PROM कम्प्यूटर की एक स्थायी (Non-Volatile) मेमोरी होती है। इसका पूरा नाम (Programmable Read only Memory) होता है।

**52. [d]**

**व्याख्या :-**

– MS Excel की सहायता से पाई चार्ट, लाइन चार्ट, एरिया चार्ट, कॉलम चार्ट, बार चार्ट, सरफेस चार्ट और 3D चार्ट आदि बना सकते हैं।

**53. [b]**

**व्याख्या :-**

– CPU का पूरा नाम 'सेन्ट्रल प्रोसेसिंग यूनिट' होता है। यह कम्प्यूटर के सारे कार्यों को नियंत्रित करता है। इसलिए इसे कम्प्यूटर का ब्रेन कहा जाता है।

**54. [c]**

**व्याख्या :-**

– एम.एस. एक्सेल में कई शीट्स व चार्टस से मिलकर बनने वाले एक्सेल दस्तावेज को वर्क बुक कहा जाता है।

**55. [b]**

**व्याख्या :-**

– एक्सेल में सभी सेल के चुनने के लिए ctrl+A दबाए अथवा वर्कशीट की शीर्ष बांयी (Top Left) तरफ प्रतिच्छेदन (Intersection) पर क्लिक करें।

**56. [d]**

**व्याख्या :-**

– माइक्रोसॉफ्ट पॉवर पाइन्ट में व्यू टैब में निम्न 7 विकल्प होते हैं।

| | |
|---|---|
| 1. Normal View | 2.Slide sorter View |
| 3. Notes Page View | 4.Slide View |
| 5. Slide Master | 6.Handout Master |
| 7. Notes Master | |

**57. [c]**

**व्याख्या :-**

– कम्प्यूटर सिस्टम के साथ अटैच की गई कोई भी डिवाइस (जैसे- प्रिन्टर, की-बोर्ड, मॉडेम तथा पेनड्राईव आदि) पेरिफेरल डिवाइस कहलाती है।

**58. [c]**

**व्याख्या:-**

– सेकेंडरी मेमोरी, प्राइमरी मेमोरी की तुलना में धीमी होती है।
– सेकेंडरी मेमोरी में बड़े और भारी- भरकम डेटा कम लागत में संग्रहित किए जा सकते हैं, जैसे Hard Disk।

**59. [d]**

**व्याख्या:-**

– PROM (Paogrammable Read Only Memory)
– EPROM(Ereasable Programmable Read Only Memory)
– SRAM (Static Ramdom Access Memory)

**60. [c]**

**व्याख्या :-**

– डेजी व्हील प्रिंटर, इम्पैक्ट प्रिंटर का एक प्रकार होता है।

**61. [c]**

**व्याख्या :-**

– रामकृष्ण मिशन की स्थापना स्वामी विवेकानन्द के द्वारा वर्ष 1897 में की गई थी।
– इस संस्था का लक्ष्य सामाजिक कुरुतियों को समाप्त करना, भारतीयों को अपने इतिहास से अवगत कराने व भारत में शिक्षा का प्रसार करने के लिए इस संस्था की स्थापना की गई थी।
– स्वामी विवेकानंद ने 'दरिद्र नारायण' की संकल्पना दी थी।

**62. [b]**

**व्याख्या :-**

– महमूद गजनी एक तुर्क सरदार था। इसको भारतीय इतिहास में मूर्तिभंजक शासक भी कहा जाता है।
– इसने भारत पर लगभग 17 बार आक्रमण किया तथा इसके आक्रमण का लक्ष्य मात्र धन-दौलत को लूटना था।
– इसका भारत पर प्रथम आक्रमण 1000 ईस्वी में था। इसके द्वारा 1025 ईस्वी में सोमनाथ के मंदिर पर आक्रमण किया तथा इस मंदिर से इसको लगभग 20 लाख दीनार की सम्पत्ति प्राप्त हुई थी।

**63. [b]**

**व्याख्या :-**

– इतिहास की जानकारी के स्रोतों के रूप में सिक्के, मृदभाण्ड, ग्रंथ, पुस्तकें, अभिलेख, अन्य वर्णनों को सम्मिलित किया जाता है।
– मेगास्थनीज एक विदेशी यात्री था जो सैल्यूकस निकेटर का राजदूत था व चन्द्रगुप्त मौर्य के राजदरबार में आया था।
– मेगास्थनीज ने इण्डिका नामक पुस्तक में मौर्ययुगीन समाज व संस्कृति के विषय में वर्णन किया।

**64. [c]**

**व्याख्या :-**

– जैन धर्म में तीर्थंकरों का तात्पर्य तपस्वी/ज्ञानी लोगों से था जो सांसारिक मोह माया से स्वयं को पृथक् कर चुके हैं।
– जैन धर्म में कुल 24 तीर्थंकर हुए है। प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव व अन्तिम तीर्थंकर महावीर हुए है।
– भारतीय धर्मग्रंथ अथवा वेद ऋग्वेद में जैन धर्म के ऋषभदेव व अरिष्टनेमी का उल्लेख मिलता है।

**65. [c]**

**व्याख्या :-**

– मौर्य साम्राज्य का संस्थापक चन्द्रगुप्त मौर्य था। चन्द्रगुप्त मौर्य ने नंदवंश के अन्तिम शासक घनानंद को हराकर मौर्य साम्राज्य की स्थापना की थी।
– चन्द्रगुप्त मौर्य का जन्म 345 ई.पू. हुआ था।
– घनानंद जो नंदवंश का शासक था, के शासकीय राजकाज की अव्यवस्थित स्थिति के कारण चन्द्रगुप्त मौर्य ने चाणक्य की सहायता से घनानंद को पदस्थ कर दिया था।
संस्कृति संबंध परिषद् द्वारा आयोजित किया गया है।

**66. [c]**

**व्याख्या :-**

– ऋग्वेद सबसे प्राचीनतम धर्मग्रंथ है जो 10 मण्डलों में विभक्त है। इसमें 1028 सूक्त है।
– ऋग्वेद के तीसरे मण्डल में विश्वामित्र रचित सूर्य देवता सावित्री को समर्पित गायत्री मंत्र का उल्लेख किया गया है।
– यह ग्रंथ तत्कालीन आर्यों के समाज, उनकी राजनीतिक व्यवस्था व आर्थिक गतिविधियों की जानकारी प्रदान करता है।

**67. [a]**

**व्याख्या :-**

– अजमेर दुर्ग :-
(i) प्रकार - गिरि दुर्ग/पहाड़ी दुर्ग
(ii) निर्माता – चौहान शासक अजयपाल
(iii) निर्माण वर्ष – 7वीं सदी
(iv) उपनाम – गढ़वीठली, तारागढ़
(v) विशेष – इस गढ़ था पुनर्निर्माण कार्य मेवाड़ शासक रायमल के पुत्र पृथ्वीराज ने करवाया तथा अपनी पत्नी के नाम पर इसका नाम तारागढ़ रखा।

**68. [a]**

**व्याख्या :-**

– लंगा गायिकी राज्य की गायन शैली है। यह गायन शैली राज्य में बीकानेर, बाड़मेर, जोधपुर, जैसलमेर में मांगणियारी जाति के द्वारा उत्सवों पर गायी जाने वाली शैली है।
– लंगा गायक गायन के समय सारंगी व कामयाचा वाद्य का प्रयोग करते हैं।
– लंगा गायन शैली के प्रमुख कलाकार निम्न हैं- अलादीन लंगा, फूसे खाँ, करीम खाँ लंगा, महारदीन लंगा।

**69. [a]**

**व्याख्या :-**

– (i) जन्म – 21 नवम्बर, 1872
(ii) जन्म स्थान – शाहपुरा रियासत के ग्राम देवपुरा क्षेत्र में जो मेवाड़ रियासत का भाग था।
(iii) पिता का नाम – कृष्णसिंह बारहठ
(iv) पत्नी का नाम – माणिक्य कुँवर
(v) विशेष – 'चेतावनी रा चूंगट्या' की रचना की।
(vi) निधन – 14 अगस्त, 1942

**70. [d]**

**व्याख्या :-**

– कान्हड़ देव, चौहान वंश का प्रतापी शासक था जो सामन्त सिंह सोनगरा का युद्ध कुशल पुत्र था।
– कान्हड़ देव को वर्ष 1305 में सामंत सिंह सोनगरा ने राज काल की बागडोर सम्भला दी।
– कान्हड़ देव चौहान अलाउद्दीन खिलजी का समकालीन था तथा कान्हड़ देव का जालौर दुर्ग पर अधिकार था जबकि अलाउद्दीन खिलजी की शासकीय महत्वाकांक्षा को पूर्ण करने के लिए जालौर दुर्ग पर अधिकार करना आवश्यक था।
– अलाउद्दीन खिलजी ने वर्ष 1311 में जालौर पर आक्रमण करके जालौर दुर्ग पर अधिकार कर लिया।

**71. [b]**

**व्याख्या :-**

- शेख सलीम चिश्ती के गुरु नरहड़ के पीर के रूप में जाने जाने वाले हजरत शक्कर बार थे।
- हजरत शक्कर बार की दरगाह राज्य के झुंझुनूं जिले के चिड़ावा में स्थित है तथा इनके कारण ही अकबर ने अपने पुत्र का सलीम रखा था।
- ये बागड़ के धणी के रूप में पूजे जाते हैं। इनकी दरगाह भावनात्मक एकता तथा साम्प्रदायिक सौहार्द्र की मिसाल है। यहाँ पर जन्माष्टमी को उर्स का मेला लगता है।

**72. [b]**

**व्याख्या :-**

- कथौड़ी जाति के निम्न नृत्य हैं– मावलिया नृत्य, होली नृत्य।
- गवरी नृत्य, भील जनजाति का नृत्य है।
- कूद नृत्य, गरासिया जनजाति का प्रमुख नृत्य है।
- चरी नृत्य, गूजर जाति का नृत्य है।

**73. [c]**

**व्याख्या :-**

- राज्य में राजपूतों का शासन रहा था, मगर इन शासक जातियों की उत्पत्ति के संदर्भ में मतभिन्नता मिलती है-
  (i) अलेक्जेण्डर कनिंघम – कुषाणों से उत्पत्ति को माना।
  (ii) सी.पी. वैद्य – वैदिक आर्यों की संतान माना।
  (iii) डॉ. देवी प्रसाद – मिश्रित उत्पत्ति का मत प्रदान किया।
  (iv) चन्दरबरदाई – अग्निकुण्ड से उत्पत्ति का सिद्धान्त दिया।

**74. [d]**

**व्याख्या :-**

- त्रिपुरा सुन्दरी माता का मन्दिर राज्य के बाँसवाड़ा जिले में तलवाड़ा ग्राम में है।
- त्रिपुरा सुन्दरी माता के पीठ की स्थापना तीसरी सदी से पहले हो चुकी थी तथा यह माता की पीठ गुजरात के सोलंकी राजा सिद्धराज जयसिंह की इष्ट देवी थी।
- इस मंदिर के गर्भगृह में काली माता की अट्ठारह भुजाओं वाली काले पत्थर की आकर्षक प्रतिमा स्थित है।

**75. [a]**

**व्याख्या :-**

- बैराठ सभ्यता के उत्खनन के समय बैराठ सभ्यता से आहत अथवा पंचमार्क सिक्के प्राप्त हुए हैं।
- बैराठ से 28 इण्डो-ग्रीक व यूनानी सिक्के भी प्राप्त हुए तथा इन सिक्कों में मीनेण्डर के समय की भी मुद्राएं हैं।
- बैराठ से इन सिक्कों की प्राप्ति का तात्पर्य है कि राज्य का यह स्थान यूनानी शासकों के अधीन रहा था।

**76. [a]**

**व्याख्या :-**

| | **लोकदेवी** | | **स्थान/जिला** |
|---|---|---|---|
| A. | भदाणा माता | 1. | कोटा |
| B. | भांवल माता | 2. | नागौर |
| C. | अम्बा माता | 3. | आबू रोड़ |
| D. | जोगणिया माता | 4. | भीलवाड़ा |

**77. [b]**

**व्याख्या :-**

- हम्मीर महाकाव्य की रचना संस्कृत भाषा में जैन मुनि नयन चन्द्र सूरी ने की थी।
- इस महाकाव्य में रणथम्भौर के चौहान शासकों के शासनकाल व शासन के समय राजनीतिक, सामाजिक व आर्थिक स्थिति का वर्णन मिलता है।
- कविराज श्यामलदास दधिवाड़िया – वीर विनोद।
- मलिक मोहम्मद जायसी – पद्मावत।
- भक्त नागरी दास – नागर समुच्चय।

**78. [a]**

**व्याख्या :-**

- युग्मों में उल्लेखित शासक राठौड़ वंश के बीकानेर क्षेत्र के शासक है। इनका शासनकाल निम्न रहा-
  (i) राव जैत सिंह – 1526 से 1542 ई. तक शासनकाल।
  (ii) राव लूणकरण – 1505 से 1526 ई. तक शासनकाल।
  (iii) राव कल्याणमल – 1544 से 1574 ई. तक शासनकाल।

**79. [d]**

**व्याख्या :-**

- फूल चुनना, ठींचौ व लांपा मृत्यु की रस्में है। इन रस्मों में निम्न गतिविधियां होगी-
  I. फूल चुनना:- मृत्यु के तीसरे दिन श्मशान से हड्डियां चुनकर लाते हैं।
  II. ठींचौ – मृतक के 12वें दिन का भोज।
  III. लांपा – मृतक को आग बेटा या निकट का भाई देगा।
- बिनोटा – यह एक वैवाहिक रस्म है। बिनोटा दूल्हे की जूती होती है।

**80. [a]**

**व्याख्या :-**

- मुगल बादशाह अकबर के शासनकाल में करौली का शासक गोपालदास था, जो सम्राट अकबर की सेवा में तत्पर था।
- मुगल बादशाह ने इनकी सेवा से प्रसन्न होकर इनको 'रणजीत नक्कारा' प्रदान किया था जो अभी भी करौली के राजघराने में मौजूद है।
- गोपालदास ने मांचलपुर के दुर्ग में महलों का निर्माण करवाया तथा बहादुरगढ़ के किले का निर्माण भी करवाया था।
- गोपालदास ने अपने राज्य का विस्तार सबलगढ़ से सीकरवाड़ तक विस्तृत किया था।

**81. [c]**

**व्याख्या :-**

- कुम्भलगढ़ दुर्ग :-
  1. निर्माता :- महाराणा कुम्भा द्वारा मौर्य शासक सम्प्रति निर्मित गढ़ के अवशेषों पर।
  2. स्थित :- सादड़ी गाँव, राजसमंद में।
  3. शिल्पकार :- मण्डन।
  4. विशेष :-
  (i) कुम्भलगढ़ के अन्दर एक लघु दुर्ग कटारगढ़ है।
  (ii) कर्नल जेम्स टॉड ने इसकी तुलना एट्रुस्कन से की।
  (iii) मेवाड़ महाराणा उदयसिंह का राज्याभिषेक हुआ।

**82. [b]**

**व्याख्या :-**

– संत सुंदरदास जी द्वारा ज्ञान समुद्र, ज्ञान सवैया, सुन्दर सार, सुन्दर ग्रंथावली आदि प्रमुख ग्रंथों की रचना की।
– इनका जन्म वि.स. 1653 में दौसा में खंडेलवाल वैश्य परिवार में हुआ था। इनके पिता का नाम परमानन्द व माता का नाम सती था।
– इन्होंने संत दादू जी से शिक्षा ग्रहण की तथा अपने गुरू के उपदेशों का प्रचार-प्रसार किया।
– इन्होंने दार्शनिक सिद्धान्तों को ज्ञानमार्गी पद्धति में पद्यबद्ध किया था।

**83. [c]**

**व्याख्या :-**

– मेवाती बोली राज्य के भरतपुर-अलवर क्षेत्र में बोली जाती है। अलवर व भरतपुर में मेव बाहुल्य होने के कारण इस क्षेत्र को मेवात के नाम से जाना जाता है।
– मेवात क्षेत्र का भाग उत्तरप्रदेश के मथुरा क्षेत्र में लगता है। इसके परिणामस्वरूप इस भाषा पर ब्रजभाषा का प्रभाव नजर आता है।
– मेवाती बोली के निम्न रूप देखने को मिलते हैं -खड़ी मेवाती, राठी मेवाती, कठेरी मेवाती, भयाना मेवाती आदि।

**84. [b]**

**व्याख्या :-**

– मुगल बादशाह अकबर के सबसे विश्वास पात्र मनसबदार कच्छवाह शासक मानसिंह को वर्ष 1587 में बिहार की सूबेदारी सौंपी गई।
– बिहार के सूबेदार बनने के बाद मानसिंह ने गिधोर के राजा पूरणमल को हराया व खड़गपुर के संग्रामसिंह को हराकर मुगल अधीनता को मानने को बाध्य किया।
– सूबेदार के पद पर रहते हुए मानसिंह ने बिहार में शांति व्यवस्था को बनाने का काम किया तथा बिहार में उठी विद्रोह की आग का दमन करके मुगल आधिपत्य को वापस स्थापित किया।

**85. [c]**

**व्याख्या :-**

– नौतरा प्रथा आदिवासी समुदायों में प्रचलित प्रथा है। इस प्रथा में किसी व्यक्ति की सामूहिक सहयोग से आर्थिक मदद की जाती है।
– इसको व्यक्ति का समाज द्वारा किया गया बीमा कहा जा सकता है।
– इस प्रथा का प्रचलन राज्य के वागड़ क्षेत्र में अधिक है। इस प्रथा के परिणामस्वरूप आदिवासी समुदाय में एकता की भावना का भी विकास होता है।

**86. [a]**

**व्याख्या :-**

– घड़सीसर तालाब पर नीलकण्ठ महादेव के मंदिर का निर्माण रावल भीम के शासन काल में भीम की रानी ने करवाया था।
– रावल भीम :-
(i) शासनकाल – 1577-1613 ई. तक।
(ii) पिता का नाम – रावल हरराज
(iii) विशेष –
a. रावल भीम का उल्लेख 'तुजुक-ए-जहाँगीरी' में मिलता है।
b. भीम ने जैसलमेर दुर्ग का पुनर्निर्माण या जीर्णोद्धार करवाया।
c. जैसलमेर के दुर्ग के सामने गणेश पोल व सूर्य पोल दो दरवाजे बनाये।

**87. [a]**

**व्याख्या :-**

– बरोर पुरातात्त्विक स्थल राज्य के गंगानगर जिले में प्राचीन सरस्वती नदी के तटवर्ती है।
– इस स्थल का उत्खनन का कार्य वर्ष 2003 से किया जा रहा है। यहाँ से प्राप्त अवशेषों के आधार पर स्पष्ट है कि प्राक, प्रारम्भिक तथा विकसित हड़प्पाकालीन संस्कृतियों के प्रमाण भी प्राप्त हुए हैं ।
– यहाँ से प्राप्त मृदभाण्डों का निर्माण काली मिट्टी के प्रयोग से हुआ है तथा अन्य सभ्यताओं में इस प्रकार के प्रमाण नहीं मिलते हैं ।
– किराडोत सभ्यता स्थल – जयपुर में।
– ईसवाल सभ्यता स्थल – उदयपुर में।
– कुराड़ा सभ्यता स्थल – नागौर में।

**88. [b]**

**व्याख्या :-**

– (i) जन्म स्थान – पीपासर, नागौर
(ii) जन्म वर्ष – भाद्रपद कृष्णा अष्टमी वि.स. 1508
(iii) माता का नाम – हँसा देवी
(iv) पिता का नाम – लोहट ठाकुर
(v) मृत्यु – मार्ग शीर्ष कृष्ण नवमी वि.स. 1593
विशेष :-
I. ग्रंथ जम्भ संहिता, जम्भसागर, सबदवाणी, 120 वाणियों की रचना की।
II. ज्ञानोपदेश विराजमान स्थान को साथरिया कहा जाता है।

**89. [b]**

**व्याख्या :-**

– अजयराज, पृथ्वीराज-I का पुत्र था। इसने वर्ष 1105 ई. के आस-पास सपादलक्ष का राजसिंहासन ग्रहण किया।
– अजयराज ने वर्ष 1113 में अजमेर/ अजयमेरु शहर को बसाया तथा इसको अपने साम्राज्य की राजधानी बनायी।
– इसने अपने शासनकाल में चाँदी व सोने के सिक्के चलाए तथा कुछ सिक्कों पर अपनी रानी सोमलवती का नाम भी अंकित करवाया।
– अजयराज ने 1130 ई. में अपने सिंहासन को स्वैच्छिक अपने पुत्र अर्णोराज के पक्ष में छोड़ दिया था।

**90. [d]**

**व्याख्या :-**

| | मेला | आयोजन स्थल |
|---|---|---|
| A. | मल्लीनाथ पशु मेला | तिलवाड़ा, बाड़मेर |
| B. | धनोप माता का मेला | भीलवाड़ा |
| C. | सेवड़िया माता का मेला | जालौर |
| D. | गौर मेला | सियावा, आबूरोड़, सिरोही |

**91. [c]**

**व्याख्या :-**

– विजयराज, तणुराव का उत्तराधिकारी था जो भाटी राजवंश का शासक था।
– विजयराज को इतिहास में विजयराज चूड़ाला के नाम से जाना गया है। विजयराज के पास तणौट, मारोठ, कहरोर, भटनेर व मुमणावह दुर्ग थे।
– सन् 841 ई. के लगभग अपने पुत्र देवराज के वराह राजपूतों के यहाँ विवाह के अवसर पर धोखे से मार दिया था।

**92. [b]**

**व्याख्या :-**

– राजा बाउक एक वीर कुशल व प्रतापी गुर्जर प्रतिहार वंश का शासक था। इसके द्वारा मण्डोर का शिलालेख वर्ष 837 ई. में खुदवाया था।
– राजा बाउक नागभट्ट-II व रामभद्र का समकालीन शासक था।
– राजा बाउक ने यह शिलालेख मयूर नामक राजा के आक्रमण को विफल करने के उपलक्ष्य में खुदवाया था।
– यशोवर्धन राजा शिलूक व नरभट्ट गुर्जर प्रतिहार वंश के प्रतापी शासक थे।

**93. [b]**

**व्याख्या :-**

– पिछौला झील राज्य के उदयपुर जिले में स्थित एक मीठे पानी की झील है।
– इस झील का निर्माण राणा लाखा के काल में एक बंजारे ने करवाया था।
– इस झील के मध्य में जगनिवास व जगमन्दिर महल हैं ।
– नक्की झील – सिरोही में।
– फतेह सागर झील – उदयपुर में।
– राजसमंद झील – राजसमंद में।

**94. [d]**

**व्याख्या :-**

– राज्य में होली का पर्व सर्वाधिक हर्षोल्लास से मनाया जाने वाला प्रमुख त्योहार है। इसके अगले दिन धुलण्डी खेली जाती है।
– होली/धुलण्डी प्रतिवर्ष चैत्र कृष्णा-प्रथम को मनायी जाती है। राज्य में भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में भिन्न-भिन्न प्रकार से होली खेली जाती है-
(i) श्री महावीर जी की लट्ठमार होली।
(ii) भिनाय की कोड़ामार होली।
(iii) मेवाड़ के आदिवासियों की भागोरिया होली।

**95. [d]**

**व्याख्या :-**

– हरजस - हरजस सगुण भक्ति लोकगीत है जो महिलाओं के द्वारा सामूहिक रूप से गाया जाता हैं ।
– घुड़ला – मारवाड़ क्षेत्र में होली के बाद घुड़ला त्योहार के अवसर पर गाये जाने वाला गीत।
– रसिया – ब्रज, भरतपुर व धौलपुर आदि क्षेत्रों में गाये जाने वाले गीत।
– दुपट्टा – दूल्हे की सालियों द्वारा गाया जाने वाला गीत।

**96. [c]**

**व्याख्या :-**

– **बयाना का युद्ध**
(i) किनके मध्य – राणा रांगा – बाबर के मध्य।
(ii) कहाँ हुआ – बयाना में।
(iii) किस वर्ष हुआ – वर्ष 1527 में यह युद्ध हुआ।
(iv) परिणाम – राणा सांगा विजय रहा तथा बाबर की पराजय हुई।
(v) युद्ध का कारण – शासकीय महत्त्वकांक्षाओं का परिणाम।
– खानवा युद्ध (1527) – राणा सांगा व बाबर के मध्य हुआ। इस युद्ध में सांगा की पराजय जबकि बाबर की जीत हुई। इसी युद्ध के परिणामस्वरूप भारत में मुगल शासन की स्थापना हुई।

**97. [b]**

**व्याख्या :-**

| | **आभूषण नाम** | **धारण** |
|---|---|---|
| A. | गलद्वार | गले का आभूषण |
| B. | खींच | स्त्रियों के सिराभूषण |
| C. | कलिंग | पुरुषों के सिर का आभूषण |
| 4. | खंजरी | स्त्रियों के हाथ का आभूषण |

**98. [b]**

**व्याख्या :-**

– मतीरे की राड़/युद्ध :-
(i) किनके मध्य लड़ा गया – नागौर के शासक अमरसिंह व बीकानेर के शासक करण सिंह के मध्य
(ii) किस वर्ष लड़ा गया – वर्ष 1644 में लड़ा गया।
(iii) युद्ध के कारण – मतीरा या उसकी बेल तो युद्ध के कारण का एक प्रतीक थी। इसके विपरीत युद्ध का वास्तविक कारण सीमा विवाद तथा शासकीय महत्वाकांक्षाओं का होना था।

**99. [d]**

**व्याख्या :-**

– गोदावरी नदी द्वारा प्रायद्वीपीय भारत के सबसे बड़े नदी तंत्र का निर्माण किया जाता है। इस नदी का उद्गम महाराष्ट्र राज्य के नासिक जिले में है। यह अपना जल बंगाल की खाड़ी में उडेलती है।
– इस नदी की कुल लम्बाई 1465 किलोमीटर है। इसका अपवाह क्षेत्र महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ व आन्ध्रप्रदेश में है।
– गोदावरी नदी की प्रमुख सहायक नदियों में निम्न नदियाँ सम्मिलित है – पेनगंगा, इन्द्रावती, प्राणहिता, मंजरा आदि प्रमुख है।
– इस नदी को दक्षिण की गंगा के उपनाम से जाना जाता है।

**100. [a]**

**व्याख्या :-**

| **पर्वतीय शहर** | **राज्य** |
|---|---|
| A. पहलगाँव | जम्मू एवं कश्मीर |
| B. दार्जिलिंग | पश्चिम बंगाल |
| C. लैंसडाउन | उत्तराखण्ड |
| D. डलहौजी | हिमाचल प्रदेश |
| E. गूलमर्ग | जम्मू व कश्मीर |

**101. [b]**

**व्याख्या :-**

- **क्षोभमण्डल (A):** वायुमंडल की सबसे निचली परत है, जो पृथ्वी की सतह से शुरू होकर लगभग 0 से 18 किलोमीटर तक फैली हुई है।
- **समतापमण्डल (B):** क्षोभमण्डल के ऊपर स्थित परत है, जो लगभग 18 से 50 किलोमीटर तक फैली हुई है।
- **मध्यमण्डल (C):** समतापमण्डल के ऊपर स्थित परत है, जो लगभग 50 से 80 किलोमीटर तक फैली हुई है।
- **आयनमण्डल (D):** मध्यमण्डल के ऊपर स्थित परत है, जो लगभग 80 से 600 किलोमीटर तक फैली हुई है।
  इसलिए**,** A और B युग्म सुमेलित हैं।

**102. [b]**

**व्याख्या :-**

- दक्षिणायन (सूर्य)/जनवरी – किरणें मकर पर लम्बवत चमकेगी।
- उत्तरायण (सूर्य)/जून – किरणें कर्क पर लम्बवत चमकेगी।
- सूर्य के सापेक्ष पृथ्वी की स्थिति लगातार बदलती रहती है। जनवरी के माह में सूर्य की दक्षिणायन स्थिति के परिणामस्वरूप सूर्य मकर रेखा पर लम्बवत चमकता है।

**103. [c]**

**व्याख्या :-**

- सौरमण्डल का निर्माण सूर्य, आठ ग्रहों, उपग्रहों व अनेक धूमकेतुओं से मिलकर होता है।
- सौरमण्डल में पृथ्वी एकमात्र ग्रह है जिस पर जीवन है जबकि अन्य ग्रहों की जलवायवीय स्थितियों के प्रतिकूल होने के कारण जीवन नहीं है।
- पृथ्वी का सबसे नजदीकी ग्रह शुक्र है जो सबसे चमकीला व सबसे गर्म ग्रह है।
- इसको साँझ का तारा या भोर का तारा के उपनाम से जाना जाता है।

**104. [c]**

**व्याख्या :-**

- पाकिस्तान की सीमा से लगते भारत के राज्य – जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान, गुजरात।




**105. [b]**

**व्याख्या:-**

- दक्कन का पठार जिसे विशाल प्रायद्वीपीय पठार के नाम से भी जाना जाता है, भारत का विशालतम पठार है। यह कपास की खेती के लिए उपयुक्त है।
- कपास के पौधे के लिए उच्च तापमान, साधारणतः 20° सेंटीग्रेट से 30° सेंटीग्रेट तक, की आवश्यकता पड़ती है, पाला अथवा ओला इसकी फ़सल के लिए घातक है।
- इस पौधे के विकास के लिए कम-से-कम 210 दिन पाला-रहित ऋतु चाहिए। डोडी खिलने के समय स्वच्छ आकाश, तेल और चमकदार धूप का होना आवश्यक है, जिससे रेशे में पर्याप्त चमक आ सके और डोडिया पूरी तरह खिल सकें।

**106. [b]**

**व्याख्या:-**

- पृथ्वी पर पड़ने वाले सूर्यातप की मात्रा उस स्थान के अक्षांश पर मुख्यतः निर्भर करती है क्योंकि अक्षांश उस स्थान की जलवायु (तापमान, वर्षा) को भी प्रभावित करती है।

**107. [a]**

**व्याख्या:-**

- ज्वालामुखी पृथ्वी की सतह पर उपस्थित ऐसी दरार या मुख होता है जिससे पृथ्वी के भीतर का गर्म लावा, गैस, राख आदि बाहर आते हैं।
- प्रशांत महासागर में प्लेटीय गतिविधियों के परिणामत यहाँ पर अधिक ज्वालामुखी आते है।

**108. [b]**

**व्याख्या:-**

- अर्जुन वाजपेयी एक भारतीय पर्वतारोही हैं। उन्होने 23 मई 2016 को विश्व की पांचवी सबसे ऊंची चोटी माउंट मकालू (8,463 मी.ऊंची) पर तिरंगा फहराने में सफलता प्राप्त की। इस चोटी पर चढ़ने वाले सबसे कम उम्र के पर्वतारोही हैं।
- इससे पहले वे विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट, विश्व की चौथी सबसे ऊंची चोटी ल्होत्से व विश्व की आठवीं सबसे ऊंची चोटी मानसून पर चढ़ चुके हैं। इसके साथ ही वे विश्व के पहले ऐसे पर्वतारोही बन गए हैं, जिन्होंने सबसे कम उम्र में 8,000 मीटर से ऊंची चार चोटियों पर चढ़ाई की है।

**109. [d]**

**व्याख्या :-**

- शेखावाटी – सीकर, चुरु व झुंझुनूं को शेखावाटी के नाम से जाना जाता है।
- तोरावाटी – नीमकथाना तहसील का क्षेत्र।
- वागड़ – डूँगरपुर-बाँसवाड़ा का क्षेत्र।
- गोडवाड़ – पाली जिले का दक्षिणी भाग।

**110. [b]**

**व्याख्या :-**

- चाकण बाँध राज्य के बूँदी जिले में चाकण नदी पर स्थित है।
- पाली जिले में जवाई नदी पर जवाई बाँध है।
- झालावाड़ में छापी नदी पर छापी बाँध स्थित है।
- प्रतापगढ़ में जाखम नदी पर जाखम बाँध स्थित है।

**111. [d]**

**व्याख्या :-**

– राजस्थान के निम्न जिलों की मध्यप्रदेश के निम्न जिलों से सीमा लगती हैं-

| | |
|---|---|
| राजस्थान के जिले | धौलपुर, करौली, सवाईमाधोपुर, कोटा, बारां, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, झालावाड़, बाँसवाड़ा |
| मध्यप्रदेश के जिले | मुरैना, श्योपुर, शिवपुरी, गुना, राजगढ़, शाजापुर, रतलाम, मंदसौर, नीमच, झाबुआ |

**112. [c]**

**व्याख्या :-**

– राज्य व सम्पूर्ण उत्तरी भारत में शीतकाल में वर्षा होती है, जिसको मावठ कहा जाता है।

– मावठ का कारण भूमध्य सागर से उठने वाले विक्षोभ हैं जो वर्षा का कारण बनते हैं । यहाँ से उठने वाले विक्षोभ फारस की खाड़ी व अरब सागर से आर्द्रता ग्रहण करते हुए उत्तरी भारत के भागों में वर्षा करती हैं ।

– मावठ को रबी की फसलों के लिए महत्त्वपूर्ण माना जाता है।

**113. [b]**

**व्याख्या :-**

– राजस्थान को चार भौगोलिक प्रदेशों में बाँटा गया है, जो निम्न हैं -
(i) पश्चिमी रेतीला मैदान।
(ii) अरावली प्रदेश।
(iii) पूर्वी मैदान।
(iv) दक्षिण-पूर्वी पठारी प्रदेश।




**114. [b]**

**व्याख्या :-**

– राजस्थान की कुल जनसंख्या का मान – 6,85,48,437

– राज्य की कुल जनसंख्या में पुरुष जनसंख्या – 3,55,50,997

– राज्य की कुल जनसंख्या में महिला जनसंख्या – 3,29,97,440

– अधिकतम पुरुष जनसंख्या वाला जिला – जयपुर

– अधिकतम महिला जनसंख्या वाला जिला - जयपुर

**115. [b]**

**व्याख्या :-**

– हीरा कार्बन का एक अपरूप है। यह बहुमूल्य पत्थर होता है जिसका उपयोग आभूषणों में व काँच काटने में किया जाता है।

– भारत में हीरे के सर्वाधिक भण्डार मध्यप्रदेश में तथा राज्य में इसके भण्डारों का अनुमान प्रतापगढ़ जिले के केसरपुरा में लगाया गया है।

– भारत में राष्ट्रीय खनिज विकास निगम लिमिटेड पन्ना द्वारा हीरे का उत्पादन किया जाता है।

**116. [c]**

**व्याख्या :-**

– राज्य का अपवाह तंत्र :-
(i) अन्त:प्रवाह वाली नदियाँ :- घग्घर, काकनी, कांतली, रूपनगढ़, मेंढा।
(ii) अरब सागरीय अपवाह तंत्र वाली नदियाँ :- लूनी, पश्चिमी बनास, माही, साबरमती, सागी, वाकल आदि।
(iii) बंगाल की खाड़ी के अपवाह तंत्र वाली नदियाँ :- बाणगंगा, गम्भीर, पार्वती, चम्बल

**117. [a]**

**व्याख्या :-**

– संविधान के अनुच्छेद-34 में मार्शल लॉ या सैन्य विधि के संदर्भ में प्रावधान किए गए है। इस अनुच्छेद में उल्लेख है कि-इस भाग के पूर्वगामी उपबंधों में किसी बात के होते हुए भी, संसद विधि द्वारा संघ या किसी राज्य की सेवा में किसी व्यक्ति की या किसी अन्य व्यक्ति की किसी ऐसे कार्य के संबध में क्षतिपूर्ति कर सकेगी जो उसने भारत के राज्यक्षेत्र के भीतर किसी ऐसे क्षेत्र में, जहाँ सेना विधि प्रवृत्त थी, व्यवस्था के बनाए रखने या पुन:स्थापन के संबंध में किया है या ऐसे क्षेत्र में सेना विधि के अधीन पारित दंडादेश, दिए गए दंड, आदि समपहरण या किए गए अन्य कार्य को विधिमान्य कर सकेगी।

**118. [d]**

**व्याख्या :-**

– लोकसभा की बैठकों के संचालन व नियमन के लिए एक पीठासीन पदाधिकारी होता है जो लोकसभा अध्यक्ष कहलाता है।

– लोकसभा अध्यक्ष द्वारा अपने पदधारण से पूर्व किसी प्रकार की शपथ नहीं ली जाती है।

**119. [d]**

**व्याख्या :-**

– संविधान के भाग-V (संघ) के अनुच्छेद-79 में संसद के गठन के संबंध में उल्लेख किया गया है।

– संसद का गठन लोकसभा, राज्यसभा व राष्ट्रपति के मिलने से होता है –
संसद = लोकसभा + राज्यसभा + राष्ट्रपति

– लोकसभा – निम्नसदन

– राज्यसभा – उच्च सदन

– राष्ट्रपति संसद का अंग होता है तथा संघ की सम्पूर्ण शक्ति राष्ट्रपति मे निहित होती है।

**120. [a]**

**व्याख्या :-**

– भारतीय निर्वाचन आयोग भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रहरी के रूप में कार्य करता है। इस आयोग का कार्य भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए चुनाव सम्पन्न कराना है।

– संविधान के भाग-15 में अनुच्छेद 324 से 329a तक निर्वाचन आयोग के संबंध में प्रावधान है।

– वर्तमान में निर्वाचन आयोग में एक अध्यक्ष व दो अन्य सदस्य होते हैं।

**121. [a]**

**व्याख्या :-**

- संविधान के अनुच्छेद-171 (संविधान का भाग-VI) में विधान परिषद् की सदस्यों की अधिकतम व न्यूनतम संख्या का उल्लेख किया गया है जो निम्न है-
  (i) अधिकतम – विधानसभा के सदस्यों का 1/3 सदस्य
  (ii) न्यूनतम – 40 (चालीस)
- राज्य की विधानसभा में अधिकतम सदस्यों की संख्या 500 हो सकती है व न्यूनतम संख्या 60 हो सकती है।
- विधानसभा में –
  (i) अधिकतम – 500 सदस्य तक
  (ii) न्यूनतम – 60 सदस्य तक

**122. [a]**

**व्याख्या :-**

- अधिकरण –
  (i) 42 वें संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा इस प्रावधान को वर्ष 1976 में शामिल किया गया।
  (ii) संविधान का भाग – XIV A
  (iii) अनुच्छेद – 323A व 323 B
  (iv) अनुच्छेद 323A – प्रशासनिक अधिकरण
  (v) अनुच्छेद 323B – अन्य विषयों के लिए अधिकरण

**123. [b]**

**व्याख्या :-**


- शैवालों की विभिन्न प्रजातियों का उपयोग भिन्न-भिन्न प्रकार से किया जाता है-
  (i) खाद के रूप में – नॉस्टॉक, एनाबीना, केल्प
  (ii) आयोडिन बनाने में – लेमिनेरिया, फ्यूकस, एकलोनिया
  (iii) भोजन के रूप में – अल्बा, सरगासन, फोरफाइटा

**124. [d]**

**व्याख्या :-**

**माइट्रोकॉण्ड्रिया –**

- खोजकर्ता – अल्टमैन
- खोज वर्ष – 1886
- नामकरण – बेंडा द्वारा माइट्रोकॉण्ड्रिया
- कार्य – ऊर्जायुक्त कार्बनिक पदार्थों का ऑक्सीकरण करना।
- उपनाम – कोशिका का शक्ति केन्द्र




**125. [b]**

**व्याख्या :-**

- किसी द्रव के ऊपर दाब का मान बढ़ाने पर उस द्रव का क्वथनांक का मान बढ़ जाता है।
- क्वथनांक वह बिन्दु है जिस पर कोई द्रव उबलने लग जाता है।
- दाब का मान बढ़ जाने से द्रव के अणु पास-पास आ जाते हैं परिणामस्वरूप अतिरिक्त ऊर्जा की आवश्यकता होगी।

**126. [a]**

**व्याख्या :-**

| **खोज** | **खोजकर्ता** |
|---|---|
| A. परमाणु | जॉन डॉल्टन |
| B. फोटोग्राफी | जॉन कारबट |
| C. सापेक्षता का सिद्धान्त | आइन्सटीन |
| D. रेडियम | मैडम क्यूरी |

**127. [b]**

**व्याख्या :-**

- टेफ्लॉन का उपयोग नॉन-स्टिक बर्तनों के निर्माण में किया जाता है। नॉन-स्टिक का तात्पर्य आग से अप्रभावी या न चिपकने वाले बर्तन से है।
- टेफ्लॉन, टेट्राफ्लोरोइथिलीन का बहुलक है।
- बहुलक का तात्पर्य बहुलकीकरण की अभिक्रिया में एकल अणुओं से निर्मित उत्पाद से है। यह वृहत् अणु होता है।

**128. [d]**

**व्याख्या:-**

- लार मानव तथा अधिकांश जानवरों के मुंह में उत्पादित पानी-जैसा और आमतौर पर एक झागदार पदार्थ है।
- मानव लार 98% पानी से बना है, जबकि इसका शेष 2% अन्य यौगिक जैसे इलेक्ट्रोलाईट, बलगम, जीवाणुरोधी यौगिकों तथा एंजाइम होता है।
- लार भोजन निगलने, मुख और दांतों को साफ़ करने, जीभ की गति करने में सहायता करती है।

**129. [a]**

**व्याख्या :-**

- सभी अम्ल धातुओं से अभिक्रिया कर हाइड्रोजन गैस ($H_2$) देते हैं।
- अम्ल + धातु   लवण + हाइड्रोजन गैस
- अम्ल सभी धातु कार्बोनेट तथा धातु हाइड्रोजन कार्बोनेट के साथ अभिक्रिया करके संगत लवण, $CO_2$ व जल बनाते हैं।

**130. [d]**

**व्याख्या :-**

- प्रकाश का अपवर्तन (Refraction of Light), जब प्रकाश की किरण एक पारदर्शी माध्यम से दूसरे पारदर्शी माध्यम में जाती है  तो वह अपने प्रारंभिक मार्ग से विचलित हो जाती है प्रकाश किरण के एक माध्यम से दूसरे माध्यम में जाने पर, अपने मार्ग से विचलित होने को 'अपवर्तन' कहते हैं।

**131. [a]**

**व्याख्या:-**

मालाबार अभ्यास 2024 का आयोजन 8 अक्टूबर से 18 अक्टूबर, 2024 तक विशाखापत्तनम (आंध्र प्रदेश) और बंगाल की खाड़ी क्षेत्र में किया जाएगा। यह अभ्यास भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया की नौसेनाओं के बीच एक साझा समुद्री युद्धाभ्यास है, जिसका उद्देश्य चारों देशों के बीच सामरिक सहयोग बढ़ाना और समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित करना है। मालाबार अभ्यास 1992 में भारत और अमेरिका के बीच शुरू हुआ था और बाद में जापान और ऑस्ट्रेलिया भी इसमें शामिल हुए। विशाखापत्तनम भारतीय नौसेना के पूर्वी नौसेना कमान का मुख्यालय भी है, जिससे यह आयोजन स्थल और भी महत्वपूर्ण बन जाता है।

**132. [b]**

**व्याख्या:-**

- अमेरिका में संपन्न राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप ने विजय प्राप्त की और संयुक्त राष्ट्र अमेरिका के 47 वें राष्ट्रपति बने।
- यह रिपब्लिकन पार्टी से संबंधित है।
- डोनाल्ड जॉन ट्रंप दूसरी बार अमरीका के राष्ट्रपति बने हैं ।
- उन्होंने पहले 2017 से 2021 तक संयुक्त राज्य अमेरिका के 45 वें राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया।
- उन्होंने डेमोक्रेटिक कैंडिडेट कमला हैरिस को हराया है जो की भारतीय मूल की अमेरिकी नागरिक हैं।
- वे संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति चुने जाने वाले सबसे उम्रदराज व्यक्ति भी बन गए, चुनाव के समय इनकी आयु 78 वर्ष थी।
- उन्हें 50 राज्यों की 538 में से 277 सीटें मिली हैं।

**133. [d]**

**व्याख्या:-**

- मासातो कांडा को एशियाई विकास बैंक (ADB) का 11वां अध्यक्ष चुना गया।
- एशियाई विकास बैंक (ADB)
- स्थापना - 19 दिसम्बर 1966
- उद्देश्य - एशियाई देशों के आर्थिक विकास को सुगम बनाना है।
- सदस्य देश - 69 सदस्य
- मुख्यालय - मनीला, फिलीपींस

**134. [a]**

**व्याख्या:-**

- भारत को संयुक्त राष्ट्र नारकोटिक ड्रग्स आयोग (CND) के 68वें सत्र की अध्यक्षता के लिए चुना गया है।
- भारत के स्थाई प्रतिनिधि शंभु कुमारन ने आयोग के अध्यक्ष का पदभार संभाला।
- नारकोटिक ड्रग्स आयोग (CND) का कार्य:
- मुख्य उद्देश्य - CND संयुक्त राष्ट्र की नशीली दवाओं से संबंधित मामलों पर प्रधान नीति-निर्माण निकाय है।
- कार्य - ग्लोबल ड्रग ट्रेंड्स की निगरानी करना।
- देशों को नशीली दवाओं के खिलाफ नीतियां बनाने में समर्थन प्रदान करना।

**135. [a]**

**व्याख्या:-**

- विमेंस अंडर-19 एशिया कप 2024
- विजेता - भारत
- उपविजेता - बांग्लादेश
- फाइनल मुकाबला - 22 दिसंबर 2024
- आयोजन स्थल - कुआलालंपुर, मलेशिया
- यह विमेंस अंडर-19 एशिया कप का पहला एडिशन था।

**136. [d]**

**व्याख्या:-**

- हेनली पासपोर्ट इंडेक्स 2025:
- भारत का पासपोर्ट 2025 के हेनली पासपोर्ट इंडेक्स में 85वें स्थान पर पहुंच गया है।
- भारत की रैंकिंग में 5 पायदान की गिरावट आई है, पहले यह 80वें स्थान पर था।
- भारतीय पासपोर्ट धारक अब 57 देशों में बिना वीजा के यात्रा कर सकते हैं।
- भारत की रैंकिंग इक्वेटोरियल गिनी और नाइजर के साथ समान है।
- सिंगापुर लगातार दूसरे साल दुनिया के सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट की सूची में शीर्ष पर है। सिंगापुर के पासपोर्ट धारक 195 देशों में बिना वीजा के यात्रा कर सकते हैं।
- जापान दूसरे स्थान पर है, जिसमें पासपोर्ट धारक 193 देशों में वीजा-मुक्त यात्रा कर सकते हैं।
- पाकिस्तान की रैंकिंग 103वीं है।

**137. [b]**

**व्याख्या:-**

- केंद्र सरकार ने आज 16 जनवरी को आठवें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दे दी है।
- इस आयोग की सिफारिशें साल 2026 से लागू होंगी।
- इससे न्यूनतम वेतन और पेंशन में बड़ा बदलाव आने की उम्मीद है।
- 7वां वेतन आयोग 1 जनवरी 2016 को लागू हुआ था। इससे लगभग 1 करोड़ लोगों को फायदा हुआ था।
- 7वें वेतन आयोग का गठन पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल में 28 फरवरी 2014 को किया गया था।
- आम तौर पर हर 10 साल में अगले वेतन आयोग का गठन हो जाता है।

**138. [a]**

**व्याख्या:-**

- बेल्जियम के नए प्रधानमंत्री - बोर्ट डी वेवर
- जापान के नए पीएम - शिगेरू इशिबा
- ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री - किएर स्टार्मर
- फ्रांस के नए प्रधानमंत्री - फ्रेंकोइस बायरू

**139. [a]**

**व्याख्या:-**

- जम्मू-कश्मीर में आयोजित नेशनल विंटर आइस स्टॉक्स चैंपियनशिप में मेडल जीतने वाली देश की पहली ट्रांसजेंडर खिलाड़ी रितिका सिंह है। इनका सम्बन्ध टोंक से है।
- 38 वें नेशनल गेम्स में राजस्थान के शुभम गोरा ने वुशू में स्वर्ण पदक जीता है।

**140. [d]**

**व्याख्या:-**

- आदि महोत्सव का आयोजन जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा 16 से 24 फरवरी, 2025 तक मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम, नई दिल्ली में किया जा रहा है।
- इस महोत्सव का उद्देश्य हमारे देश के आदिवासी समुदायों की समृद्ध और विविध पारंपरिक संस्कृति की झलक प्रदान करना है।
- राजस्थान में आदि महोत्सव का आयोजन 29 नवंबर से 8 दिसंबर 2024 तक जयपुर में किया गया।
- इसका शुभारंभ राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बांगडे में जवाहर कला केंद्र जयपुर में किया।

**141. [b]**

**व्याख्या :-**

- 1090 गरिमा हेल्पलाइन नम्बर है। अन्य नम्बर 7891091111 व इसके लिए वाट्सएप नम्बर – 7300453344
- इस पर छेड़छाड़ व अत्याचार की शिकायत ऑनलाइन दर्ज की जा सकेगी।

**142. [d]**

**व्याख्या :-**

- इसके तहत घरेलू घटना रिपोर्ट नामक प्रारूप भरकर A, B, C में से किसी को भी जमा कराया जा सकता है।
- कोई भी व्यक्ति शिकायत दर्ज करा सकता है।

**143. [a]**

**व्याख्या :-**

- महिलाओं पर बढ़ रहे अत्याचारों संबंधी मामलों का सही अनुसंधान करने और महिलाओं को अपनी बात निर्भयता से कहने की दृष्टि से जयपुर में राज्य का पहला महिला पुलिस थाना स्थापित किया गया।
- महिला पुलिस थाना की स्थापना 8 मार्च, 1989 में की गई।
- राज्य के सभी जिलों में बालिका शिक्षण संस्थाओं एवं पुलिस के मध्य समन्वय एवं सहयोग 'Know Your Student – Know Your Police (KYS-KYP)' कार्यक्रम संचालित है।

**144. [b]**

**व्याख्या :-**

- 30 दिन में कारवाई शुरू की जाएगी तथा 60 दिन में उसका निस्तारण करना अनिवार्य होगा।

**145. [a]**

**व्याख्या :-**

- इसकी सजा 2 वर्ष तक कैद या 1,000 रु. तक जुर्माना या दोनों हो सकते है।
- वेश्यावृत्ति के साधनों से जीवन व्यापन करना भी अपराध है।

**146. [a]**

**व्याख्या :-**

- बालक – 14 वर्ष तक आयु (हर प्रकार का व्यावसायिक बालश्रम निषेध)
- किशोर – 14 से 18 वर्ष तक आयु (खतरनाक कार्य निषेध)

**147. [b]**

**व्याख्या:**

- 86वें संविधान संशोधन द्वारा अनुच्छेद 21(क) जोड़ा गया, जो 6 से 14 वर्ष के बच्चों को निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार प्रदान करता है।

**148. [a]**

**व्याख्या:**

- अनुच्छेद 23 मानव तस्करी, वेश्यावृत्ति, और बलात श्रम को निषिद्ध करता है, जिससे महिलाओं और बच्चों का संरक्षण होता है।

**149. [c]**

**व्याख्या:**

- अनुच्छेद 24 के तहत 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को खतरनाक कामों में नियोजित करना निषिद्ध है।

**150. [b]**

**व्याख्या:**


- इंदिरा महिला शक्ति उड़ान योजना का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को महावारी के दौरान निःशुल्क सैनेटरी पैड्स प्रदान करना है, ताकि मासिक धर्म स्वच्छता को बढ़ावा मिल सके।

♦♦♦♦

विज्ञापन

# वर्दी का सपना, अब होगा अपना

## राजस्थान पुलिस
# कांस्टेबल
# सिंघम बैच





**ऑनलाइन**
**₹ 999/-**

- इंटरएक्टिव 4K पैनल पर शिक्षण
- मॉडल पेपर्स की प्रिंटेड बुक निः शुल्क
- रिवीज़न हेतु परीक्षा तक ऑनलाइन क्लासेज़ का असीमित एक्सेस
- टॉपिकवाइज़ व संपूर्ण पाठ्यक्रम पर आधारित नियमित OMR टेस्ट्स
- ऑनलाइन एप्लीकेशन के माध्यम से फुल सपोर्ट

## LAUNCHED BOOKS

**अब ऑनलाइन कोर्स के साथ नि:शुल्क लक्ष्य नोट्स सेट भी उपलब्ध है।**




**LAKSHYA CLASSES से जुड़ने के लिए Q R CODE स्कैन करे**

TELEGRAM | INSTAGRAM | YOUTUBE | FACEBOOK | WHATSAPP

S.No. : AP0001

CODE : APGC



सफलता के पथ पर सबसे तेज उभरता हुआ संस्थान

**लक्ष्य क्लासेज** ™

M. 9079798005, 6376491126

Plot No 1104, Shiksha Mandir, Sec 4, Circle, Main Road, Udaipur